वर्ष 24, अंक 319, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 26 मई 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## बैठक में पीएम मोदी की सलाह

# नेताओं को सार्वजनिक बयानबाजी में संयम बरतने का निर्देश



**नई दिल्ली**
**रविवार** को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं की बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण सलाह दी है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने पार्टी नेताओं को सार्वजनिक बयानों में संयम बरतने का स्पष्ट निर्देश दिया। यह बैठक मुख्य रूप से सुशासन पर केंद्रित थी, जिसमें एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पार्टी नेताओं द्वारा दिए जा रहे अनावश्यक बयानों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और उनसे अविवेकी टिप्पणी करने से बचने का आग्रह किया। यह निर्देश संभवतः पार्टी के भीतर से आने वाले उन बयानों के मद्देनजर आया है जो अनावश्यक विवादों को जन्म दे सकते हैं या सरकार की छवि पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

पीएम मोदी ने कथित तौर पर कहा कि कहीं भी कुछ भी बोलने से बचें और साथ ही उन्होंने अनुशासित संचार की आवश्यकता पर जोर दिया। यह सलाह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मध्य प्रदेश और हरियाणा के भाजपा नेताओं द्वारा हाल ही में की गई कुछ विवादास्पद टिप्पणियों के मद्देनजर आई है, जिनसे कथित तौर पर पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।

बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मुद्दे पर भी स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने साफ किया कि इस ऑपरेशन में किसी तीसरे पक्ष की कोई संलिप्तता नहीं थी। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि युद्ध विराम का निर्णय पाकिस्तान के अनुरोध के बाद लिया गया था, जिससे इस संवेदनशील सैन्य कार्रवाई को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया।

सुशासन पर केंद्रित इस बैठक में ठऊअ शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया, जहां प्रधानमंत्री ने अनावश्यक बयानों से बचने का आग्रह करते हुए पार्टी की छवि और अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया।

## दो प्रमुख प्रस्ताव पारित किए

**नई दिल्ली** में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की एक दिवसीय बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। अशोका होटल में आयोजित इस महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की, जिसमें कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री भी उपस्थित थे। इस बैठक में ठऊअ शासित राज्यों के लगभग 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे प्रमुख नेता भी मौजूद थे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान दो प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए, एक प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित था, जबकि दूसरा प्रस्ताव जाति जनगणना पर केंद्रित था। यह दशार्ता है कि गठबंधन ने सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की है। एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, 'आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सीएम सम्मेलन हुआ। इस बैठक में हमारे 20 सीएम और 18 डिप्टी सीएम मौजूद थे। 2 प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर पर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किया गया और हमारी सेना के काम की बहुत प्रशंसा की गई और सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की बहुत सराहना की गई। इसलिए, यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।' जेपी नड्डा ने कहा, 'आज बैठक में जातिगत जनगणना को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया। और सभी ने इस पर अपनी सहमति दी है, साथ ही मोदी जी के इस फैसले की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

## अर्थव्यवस्था के साथ देश में रोजगार और लोगों की आमदनी भी बढ़े : आदित्य

**मुंबई। जापान** को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। शिवसेना (यूबीटी) के विधायक उद्धव ठाकरे ने रविवार को इस पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इसके साथ ही देश में रोजगार बढ़ाने की भी जरूरत है।
उद्धव ठाकरे ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा, "अर्थव्यवस्था बढ़ती जाए, लेकिन इसके साथ देश में रोजगार भी बढ़े,
लोगों की आमदनी भी बढ़े और उनकी खुशी भी बढ़े। देश में आज सबसे बड़ी दिक्कत बेरोजगारी और महंगाई है।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रकाश डाला

### दिखाए ध्वस्त कोटली और भीमबर के आतंकी कैंप



**नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो शो 'मन की बात' के 122वें एपिसोड में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नष्ट किए गए आतंकी शिविरों की तस्वीरें दिखाईं। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी का यह पहला एपिसोड था।प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर सटीक हमले करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की और पीओके में नष्ट किए गए ठिकानों 'कोटली में गुलपुर और अब्बास कैंप और भीमबर में बरनाला कैंप' को दिखाया। गुलपुर कैंप जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ क्षेत्रों में सक्रिय लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादियों के लिए एक प्रमुख आधार के रूप में काम करता था, जबकि अब्बास कैंप लश्कर के आत्मघाती हमलावरों को प्रशिक्षित करने के लिए एक केंद्रीय केंद्र के रूप में काम करता था।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जिस सटीकता और सटीकता के साथ हमारे बलों ने सीमा पार आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, वह असाधारण है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है; यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे देश में देशभक्ति की भावना भर दी है और इसे तिरंगे के रंग में रंग दिया है। आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, गुस्से और दृढ़ संकल्प से भरा हुआ है।' प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल की भावना का पालन करते हुए मिशन की सफलता का श्रेय भारत की घरेलू रक्षा क्षमताओं को दिया।
ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में
22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के सीमा पार संबंधों के विश्वसनीय सबूत जुटाने के बाद, भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत सटीक हमले किए और पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

## जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत



**नई दिल्ली**
नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि भारत ने वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़कर जापान को पीछे छोड़ दिया है और अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की जीडीपी 4 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई है, जो इसे आकार में केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे रखती है। यह उपलब्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत ने घरेलू सुधारों और वैश्विक माहौल के कारण वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे यह अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अगर भारत अपनी वर्तमान गति को बनाए रखता है, तो वह जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, जिसमें केवल अमेरिका और चीन ही आगे होंगे। यह प्रगति एक उभरते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच आ रही है, जहां भारत खुद को एक प्रमुख वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है।
सुब्रह्मण्यम ने डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी
नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत लागत-प्रतिस्पर्धी विनिर्माण आधार प्रदान करना जारी रखेगा।

## आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है- शशि थरूर



**न्यूयॉर्क**
**कांग्रेस** सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि नई दिल्ली युद्ध में दिलचस्पी नहीं रखती है, जबकि पाकिस्तान अपने रणनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सीमा पार आतंकवाद का सहारा लेता है। थरूर एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जो पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख सामने रखने के लिए काम कर रहा है।
न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास में मीडिया को संबोधित करते हुए थरूर ने कहा, 'हमें पाकिस्तान के साथ युद्ध में कोई दिलचस्पी नहीं है। हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और अपने लोगों को 21वीं सदी की दुनिया में लाने के लिए अकेले रहना पसंद करेंगे। लेकिन, दुख की बात है कि हम पाकिस्तानियों के लिए यथास्थितिवादी ताकत हो सकते हैं, लेकिन वे नहीं हैं। वे भारत द्वारा नियंत्रित क्षेत्र को चाहते हैं और वे इसे किसी भी कीमत पर हासिल करना चाहते हैं। यदि वे इसे पारंपरिक तरीकों से हासिल नहीं कर सकते हैं, तो वे इसे आतंकवाद के माध्यम से हासिल करने के लिए तैयार हैं और यह हमें स्वीकार्य नहीं है।'
अमेरिका पहुंचने पर, थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने 9/11 स्मारक स्थल का दौरा किया और आतंकवादी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल का दौरा इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद भारत और अमेरिका दोनों के लिए एक साझा समस्या है।
उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बहुत ही मार्मिक क्षण था, लेकिन इसका उद्देश्य एक बहुत ही मजबूत संदेश देना भी था कि हम यहां एक ऐसे शहर में हैं जो अपने ही देश में एक और आतंकवादी हमले के मद्देनजर उस क्रूर आतंकवादी हमले के निशान अभी भी झेल रहा है। हम एक अनुस्मारक के रूप में आए हैं कि यह एक साझा समस्या है, लेकिन साथ ही पीड़ितों के साथ एकजुटता की भावना से भी, जिनमें भारतीय भी शामिल हैं। यह एक वैश्विक समस्या है, हमें इससे एकजुट होकर लड़ना होगा।
पहलगाम हमले पर शशि थरूर ने क्या कहा?
कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बारे में बात करते हुए थरूर ने कहा, 'इस अत्याचार के एक घंटे के भीतर, रेजिस्टेंस फ्रंट नामक एक समूह ने इसका श्रेय लिया।
रेजिस्टेंस फ्रंट को कुछ वर्षों से प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का एक मुखौटा संगठन माना जाता था।

## लालू यादव ने बेटे तेज प्रताप को पार्टी और परिवार से निकाला बाहर



**बिहार**
**आरजेडी** अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से बाहर कर दिया. इस फैसले से बिहार की राजनीति में हलचल मच गई है, खासकर तब जब राज्य में विधानसभा चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं और लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव पार्टी का चेहरा बने हुए हैं.
क्यों निकाला गया तेज प्रताप को?
लालू यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में तेज प्रताप के सार्वजनिक आचरण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को पार्टी की विचारधारा और पारिवारिक मूल्यों के खिलाफ बताया।

## आम चुनाव के बाद स्मृति ईरानी 26 मई को आ रही है अमेठी

**अमेठी। पूर्व** केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेत्री स्मृति ईरानी लंबे अरसे बाद 26 मई सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी आ रही है।आम चुनाव के बाद अचानक स्मृति ईरानी के अमेठी आने की खबर से सियासी हलचल तेज हो गई है। इस दौरान स्मृति ईरानी गौरीगंज के रणंजय इंटर कॉलेज मैदान पर रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होगी।

## दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे नौ बांग्लादेशियों



**हरियाणा**
**हरियाणा** के मेवात में ईंट भट्टे पर काम करने वाले नौ बांग्लादेशी नागरिकों के एक परिवार को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है, जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तारी के डर से फरार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।
अवैध बांग्लादेशियों के बारे में सूचना मिलने पर, पुलिस की एक टीम ने 23 मई को वजीरपुर जेजे कॉलोनी में निगरानी और सत्यापन अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप ऐसे ही एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि उससे पूछताछ में पुलिस को उसी परिवार के एक नवजात सहित आठ अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में मदद मिली, जो वैध दस्तावेजों के बिना भारत में रह रहे थे। उन्हें उत्तर-पश्चिम दिल्ली के भारत नगर इलाके से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उनके पास से एक स्मार्टफोन जब्त किया गया है, जिसमें प्रतिबंधित वीडियो कॉल और चैटिंग ऐप था।
उन्होंने बताया कि इसका इस्तेमाल परिवार बांग्लादेश में अपने रिश्तेदारों से बात करने के लिए करता था।
पूछताछ के दौरान परिवार ने बताया कि वे पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते अवैध रूप से देश में घुसे थे।
पुलिस ने बताया कि उन्होंने शुरू में भारतीय नागरिकता का दावा किया, लेकिन वे बांग्लादेश के कुरीग्राम जिले के निकले।

## शाहजहांपुर जिला अस्पताल में गैस लीक से मरीजों में भगदड़



**शाहजहांपुर : उत्तर** प्रदेश के शाहजहांपुर जिला अस्पताल में गैस लीक की खबर सामने आई है, ऑक्सीजन प्लांट में गैस लीकेज होने के बाद अस्पताल में भगदड़ मच गई है. इस दौरान एक की मौत हो गई और कई घायल हुए हैं. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया है और भगदड़ में हुई मौत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है.
इा घटना के कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कुछ लोग जमीन पर पड़े हुए हैं और उनके परिजन उनके साथ बैठे हुए हैं. वहीं इस मामले को लेकर शाहजहांपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी देते हुए लिखा-"उक्त प्रकरण में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है, फायर ब्रिगेड टीम द्वारा फागिंग कर राहत बचाव का कार्य किया गया है तथा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है. मौके पर शांति व्यवस्था कायम है तथा अग्रिम जांच की जा रही है.
इस घटना को लेकर आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेराज आलम ने बताया, "हमने सांस लेने में दिक्कत महसूस होने के बाद ट्रॉमा सेंटर (शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज) खाली करा दिया गया है. हमें लगता है कि यह संदिग्ध गैस रिसाव है, हमने अपने उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया है. दमकल गाड़ियां और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, जांच जारी है."
जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा मेडिकल कॉलेज में किसी तरह की गैस के फैल जाने के बाद हुई भगदड़ से बुजुर्ग की मौत के मामले की जांच कराई जाएगी. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस तरह की घटना के बाद यह मौत हुई है, फिर भी मामले की जांच कराई जाएगी।

## दिल्ली में मूसलाधार बारिश, गर्मी से राहत, लेकिन बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** में 24-25 मई की रात को हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दिलाई, लेकिन उनकी मुश्किलें भी बढ़ा दीं। अचानक हुई बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया, पेड़ उखड़ गए और शहर में हवाई सेवाएं बाधित हो गईं। मौसम में अचानक आए बदलाव से तापमान में भारी गिरावट आई और राष्ट्रीय राजधानी का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.9 डिग्री कम है। इस बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दिलाई, वहीं यातायात और दैनिक जीवन पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें निवासियों को पूरे दिन आंधी, भारी बारिश और तेज हवाओं के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। निवासियों से अनुरोध है कि वे मौसम की इस भविष्यवाणी को ध्यान में रखते हुए अपनी दिनचर्या का पालन करें ।

# जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए दृढ़ संकल्पित : डॉ वीके सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** बरियांवा गांव में सुरेंद्र नाथ बब्बू शुक्ला के निवास पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अखण्ड श्री रामचरितमानस पाठ एवं भण्डारा का आयोजन किया गया जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस से गुंजायमान हो उठा। शनिवार को श्रीराम चरित मानस पाठ संपन्न होने पर पूणाहुति हवन एवं विकास पांडेय इलाहाबादी एवं श्वेता सरगम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज डॉ वीके सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के लिए मैं परिवार के सदस्य की तरह हूं सभी के सुख-दुख में मेरी सहभागिता बनी रहे यही प्रयास रहता है। आप लोगों



श्री रामचरितमानस पाठ एवं भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित लोग

द्वारा मुझे जो भी विकास कार्यों की जानकारी दी जाती है उसको प्राथमिकता के आधार पर पूरा करता हूं, मेरे पास जो संसाधन है उसी के अनुसार मैं क्षेत्र के विकास हेतु तत्पर हूं। क्षेत्र के लोगों की मूलभूत समस्याओं का निवारण करना मेरा उद्देश्य है और मैं कर भी रहा हूं। जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारा नैतिक दायित्व है और हमें अपनें कर्तव्य के प्रति बोध है लेकिन सबके सहयोग की आवश्यकता है जिससे सबका विकास हो सके आप लोगो ने जो जिम्मेदारी हमें दी है आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरुं यही हमारा प्रयास रहता है। इस अवसर पर भाजपा नेता विमलधर दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष भदोही अनिरुद्ध त्रिपाठी, विजय पांडेय, लल्ले सिंह, मातेश्वर ओझा, शिवराम दुबे, अनुराग पांडेय, विक्की शुक्ला, शैलेश यादव प्रमुख, ज्योति यादव प्रमुख, अशोक दुबे, पिंटू ओझा, मटरु दुबे प्रधान, कपिल देव तिवारी, बेला दुबे, राकेश दुबे, हरिश्चंद्र दुबे, दिनेश पांडेय, राज दुबे, आशीष दुबे, विकास शुक्ल, बबलू सिंह, राजा मौर्य, गंगाधर शुक्ला, धनंजय शाश्वत, चंद्रकांत मिश्रा, अंशु मिश्रा, राजेश शुक्ला, राजा मिश्रा, सूरज मिश्रा, रिंकू सिंह, अंकित शुक्ला, सचिन दुबे, शिवम शुक्ला, शिवांश शुक्ल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रेलर ने दो बाईकों में मारी टक्कर, दो की मौत, चार घायल


अस्पताल में घायलों के परिजन

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के कठौता दुगार्गंज मार्ग स्थित पूरे बहुरिया गांव के सामने अनियंत्रित ट्रेलर की टक्कर से दो बच्चो की मौत हो गई वही चार बच्चे घायल हो गए । घटना के बारे में बताया जाता है कि रविवार को देर शाम सागर रायपुर निवासी हर्ष पांडे 18 वर्ष पुत्र बृजेश पांडे, आर्यन पांडे 10 वर्ष पुत्र संदीप पांडे, कृतिका पांडे 12 वर्ष पुत्री संदीप पांडे एक बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। तथा दूसरे बाइक पर औराई थाना क्षेत्र के मेघीपुर गांव निवासी शिवांग पाल 7 वर्ष पुत्र संजय पाल, राकेश पाल 55 वर्ष पुत्र कल्लू पाल तथा लालजी पाल 65 गोपीगंज की तरफ आ रहे थे जैसे ही बाइक सवार पूरे बहुरिया मार्ग पर पहुंचे थे इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर से दोनों बाइको को टक्कर लगी जहां मौके पर ही कृतिका व आर्यन पांडे सगे भाई बहन की मौत हो गई और अन्य चारों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेजा गया। बताया जाता है की टक्कर मारने के बाद ट्रेलर चालक तेज रफ्तार से चहरपुर गांव के मार्ग की तरफ भागा और अपने टेलर को छोड़कर फरार हो गया। मृतक बच्चो के बारे में बताया जाता है कि कृतिका व आर्यन दोनों सगे भाई बहन थे तीन भाई के बीच इकलौती बहन थी, कक्षा 8 के दोनों छात्र बताए जाते हैं। वही दुर्घटना की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई और लोग भागते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए।

# "संस्कृति सृजन"अकादमी में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**कार्यक्रम में उपस्थित लोग**

**जारी।** संस्कृति सृजन अकादमी में आज मातृ दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की समस्त माताओं ने अपने बच्चों के साथ सहभागिता की और इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु Lioness Club Srijan की अध्यक्ष डॉक्टर सविता अग्रवाल एवं सचिव श्रीमती मीना अरोड़ा एवं एक अद्भुत प्रतिभाशाली कलाकार श्री अंतरिक्ष जी की विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जिन्होंने बच्चों के चेहरे पर अद्भुत चित्र उकेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया.. उन्होंने माताओं को सम्मानित किया तथा समाज और परिवार में माताओं की भूमिका पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

गया, जिनमें माताओं और बच्चों की जोड़ी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नृत्य, गायन, चित्रकला, फैशन शो तथा रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता सिंघल ने विद्यालय एडमिनिस्ट्रेटर अखंड प्रताप सिंह जी ने और विद्यालय कोऑर्डिनेटर इस्मा बानो, अनन्या, सौम्या और ज्योति द्विवेदी ने सभी आगंतुकों, माताओं एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं, अपितु मातृत्व के प्रति हमारे आदर और कृतज्ञता का प्रतीक है।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और सामूहिक आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक मिलन था, बल्कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच रिश्ते को सुदृढ़ करने का भी माध्यम बना।

# दांत काट कर जख्मी कर दिया गया, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के सराय खानदेव में पानी के विवाद को लेकर पड़ोसी पर मारने पीटने और दांत काट कर जख्मी करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय खानदेव निवासी जवाहरलाल पुत्र राम नेवाज का आरोप है कि उसके विपक्षी उसके घर में पानी भर दिए। विरोध पर मारे पीटे और दांत काट कर ईट पत्थर चलाए। जिससे परिजनों को चोटें आयी है। जवाहरलाल ने थाने में तहरीर दे कर पड़ोस के सूरज, मंजू देवी, रामकली, शोभा देवी, राम संवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# मऊआइमा में निजी अस्पतालों की बाढ़, झोलाछाप करते हैं इलाज

## बीयूएमएस करते हैं आपरेशन और अल्ट्रासाउंड, मरने के बाद होता है सौदा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में इन दिनों निजी अस्पतालों की बाढ आ गयी है। नौसिखिया, झोला छाप डाक्टर करते हैं मरीजों के जिंदगी से खिलवाड़। मरीजों के मर जाने पर बवाल से बचने के लिए सौदा करते हैं। बेलगाम इन निजी अस्पतालों के पास न कोई एमबीबीएस न सर्जन डाक्टर होता है। आरोप है कि कथित झोलाछाप स्वयं सर्जरी करते हैं।



मरीज की हालत बिगड़ने पर शहर ले जाकर कराते हैं उपचार। मुंह मांगी रकमें वसूलना इनका पेशा बन चुका है।

### अस्पताल में मेडिकल स्टोर सेटिंग की दवा देते हैं

निजि अस्पतालों में मेडिकल स्टोर बने हैं जो दवा लिखते हैं वह इन्हीं के मेडिकल स्टोर पर मिलता है। बताते हैं कि सारी दवाईयां जो मरीजों को दी जाती है वह सेटिंग की दवा होती हैं। एम आर डाक्टर से कहते हैं कि हमारी इतने हजार की दवा बेच दो बदले में स्कीम के तहत अमुक सामान मिलेगा।

### मरीजों के मरने पर बवाल के डर से होता है लाखों का सौदा

मऊआइमा फोरलेन पर खुले अनगिनत निजी अस्पतालों का हाल यह है कि मरीज कितना भी गंभीर हो अथवा लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं तो उस मरीजों को भी भर्ती ले लिया जाता है। मरीजों के भर्ती होते ही बोतल चढने लगता है। और डाक्टर का पैसों का मीटर भी भागने लगता है। मजबूर लोग न चाह कर भी झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित निजी अस्पतालों में भर्ती कराते हैं।

### निजि अस्पतालों में हो चुकी है कई की मौतें सौदाबाजी करके शांत कर दिया जाता है

मऊआइमा के प्रयागराज प्रतापगढ़ फोरलेन पर अनगिनत निजी अस्पतालों का हाल यह है कि इन अस्पतालों में कई मरीजों की मौत हो चुकी है।बताया गया है कि गत वर्ष ग्राम बटहा की एक गर्भवती महिला की मौत पर अस्पताल में जमकर तोड फोड़ हुआ था।बाद में पुलिस पहुंच कर लेन देन करवा के मामले को शांत करा दिया।इसी प्रकार प्रतापगढ़ क्षेत्र के अनेकों मरीजों की मौत पर जब बवाल बढा तो पांच लाख रुपए देकर शव का सौदा कर लिया गया।गत दिनों सुल्तानपुर खास की नेहा नामक महिला की मौत पर सड़क तक जाम किया गया। परन्तु आखिर में समझौता करा दिया गया।ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जहां मरीजों के मरने पर सौदाबाजी करके मामले को ठंडा कर दिया जाता है। इस बाबत सीएचसी प्रभारी डाक्टर राम गोपाल वर्मा का कहना है कि भुक्तभोगी को इसकी शिकायत सीएमओ कार्यालय करनी चाहिए। उन्हों ने कहा कि कोई अधिकार नहीं है। उधर सीएमओ कार्यालय द्वारा बताया गया है कि एक शिकायतीपत्र सीएचसी में एक सीएमओ कार्यालय में दी जाएगी तो अवश्य कार्रवाई होगी।वैसे निजी अस्पतालों की जांच करायी जाएगी।

# पूर्व सैनिक स्वर्गीय पंडित छोटेलाल मिश्र वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम वृहद कार्यक्रम के साथ सम्पन्न

**मऊआइमा के उधमपुर खगिया में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** केसीएन क्लब के राष्ट्रीय संस्थापक समिति सदस्य व वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व सैनिक स्वर्गीय पंडित छोटेलाल मिश्र जी की बरखी संस्कार(वार्षिक श्राद्ध) कार्यक्रम व श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न। मऊआइमा के ग्राम उधमपुर खगिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केसीएन क्लब वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में केसीएन क्लब के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतीश मौर्या, उत्तर प्रदेश कमेटी महासचिव मतेंद्र कीर्ति विश्वकर्मा, पिलखिन देवी धाम के महंत बाबा जी, उधोपुर खगिया शिवालय के पुजारी बाबा जी, उधोजक अजीत कुमार पांडेय, बहरिया ब्लॉक प्रमुख शशांक मिश्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम पाण्डेय, पूर्व विधायक


प्रसाद ग्रहण करते लोग

सत्यवीर मुन्ना सहित अन्य अनेक ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी का यथोचित सादर सत्कार किया गया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह ने किया कार्यक्रम का संयोजन क्लब प्रयागराज मण्डल उपाध्यक्ष रामशंकर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में केसीएन क्लब के राष्ट्रीय संस्थापक समिति सदस्य व वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व सैनिक स्वर्गीय पंडित छोटेलाल मिश्र के जीवन दर्शन के विषय में पूर्व जिला पंचायत सदस्य व समाजसेवी वकील अहमद ने सभी को बताया, इस अवसर पर क्लब युवा मोर्चा प्रदेश महासचिव अधिवक्ता अमित पाण्डेय ने महापुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जन्मथली को प्रशासनिक स्मारक घोषित करने की मांग की पुनः पुष्टि करते हुए संस्था द्वारा स्थापना स्थली पर गरीब बच्चों के लिए कम शुल्क शिक्षा पद्धति हेतु जय योगेश्वर गुरुकुल विद्यापीठ व गरीबों के लिए चिकित्सा सेवा हेतु प्राकृतिक चिकित्सा अनुसन्धान केंद्र खोलने की घोषणा की। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विशाल भोज की व्यवस्था की गई ।

# पत्रकारों की समस्याओं और उत्पीड़न के निदान हेतु कृत संकल्प : राकेश कुमार वर्मा

**प्रेस के लोग और पुलिस ने साझा किए अपने अपने विचार,कोरांव में शांति और कानून व्यवस्था तथा जाम की समस्या पर विचार**

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** थाना पुलिस कोरांव में पुलिस और प्रेस मीडिया के मध्य सामंजस्य एवं शांति,कानून व्यवस्था तथा नगर पंचायत कोरांव में जाम की समस्या पर चर्चा के साथ एक दूसरे के परिचय और समन्वय स्थापित किए जाने पर चर्चा हुई। जिसमें नए थाना प्रभारी कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने पत्रकारों की समस्याओं,उनके उत्पीड़न आदि के निदान हेतु अपनी कृत संकल्पता व्यक्त की।

थाना प्रभारी श्री वर्मा ने कहा कि पत्रकार बंधु समाचार संकलन में जहां आवश्यकता समझे पुलिस से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिससे खबरें निष्पक्ष प्रकाशित हो। उन्होंने



कहा कि पत्रकार समाज का आईना है, उनकी लेखनी से समाज और सरकार अधिकारियों को किसी भी घटना,समस्या, अन्याय, अव्यवस्था की जानकारी मिलती है। जिस पर कार्यवाही अमल में लाई जाती है। इस लिए सभी पत्रकार बंधु विधिवत जानकारी प्राप्त कर वर्जन ले कर खबरें लिखें। उन्होंने कहा नगर पंचायत कोरांव में जाम की समस्या से ज्यादा दिक्कतें आ रही हैं। इसके लिए नाली और सड़क की पटरियां तक सजी दुकानों आदि के कारण यातायात प्रभावित है। अब नाली और पटरी तक अतिक्रमण हटवाने की चेतावनी कार्यवाही की जाएगी।

थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में जितने भी अपराधी, और कोर्ट के वारंटी हैं उन्हें जेल भेजा जाएगा, इसका उच्च अधिकारियों के मार्ग दर्शन पर अभियान के तहत कार्यवाही की जाएगी। हिस्ट्री सीटर और गैंगस्टर किस्म के अपराधी लोगों की अब खैर नहीं होगी। उन्होंने कहा सभी थाना, पुलिस चौकी इंचार्जों, सब इंस्पेक्टरों को आओ सब से रूबरू करा दिया जाएगा, उन्हें अवगत भी कराया जाएगा। विचार विमर्श के दौरान सभी कई अखबारों के सीनियर, जूनियर, पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने मनाया करवरिया का 56वां जन्मदिन

**जारी कौंधियारा।** रविवार को लोकप्रिय व कद्दावर भाजपा नेता तथा दो बार बारा से विधायक रह चुके उदयभान करवरिया का जन्मदिवस उनके समर्थकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमुनापार के क्षेत्र में 101 पौधे लगाकर और उनकी रक्षा करने के लिए संकल्प के साथ मनाया।

करवरिया के समर्थकों ने नारीबारी, खीरी, शंकरगढ़, लालतारा, जारी, मिश्राबांध, कौंधियारा आदि क्षेत्रों में पौधे लगाए तथा वितरित किये। इस दौरान समर्थकों ने जारी बाजार में एक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली तथा जारी चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह की उपस्थिति में चौकी में पौधरोपण किया, साथ ही साथ


पौधे लगाकर जन्मदिन मनाते समर्थक

समाजसेवा का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में करवरिया समर्थकों में मुख्य रूप से सुशील शुक्ल, उर्फ बाजीराव पंडित प्रयागराज के लोकगायक सुनीत शुक्ल, आशीष राज त्रिपाठी, विभूति नारायण द्विवेदी, हर्षित गुप्त, सत्यम शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, अंशु केसरवानी, हिमांशु यादव सहित सैकड़ो समर्थक उपस्थित रहे। समर्थकों ने बताया कि विधायक जी का प्रकृति से प्रेम जगजाहिर है इसलिए उन्होंने यह जन्मदिवस विशेष प्रकार से मनाने का निर्णय किया।

# तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को और प्रज्वलित करना है : जय सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** विकास खंड के जसरा मंडल की तिरंगा यात्रा विकास खंड कार्यालय जसरा से पूरे जसरा बाजार में निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भारत माता के जयकारे के साथ सेना के सम्मान में उनके पराक्रम को जन जन तक पहुंचाया गया। तिरंगा यात्रा में आपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद देश की सेना के अभिनंदन और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए लोगों को संदेश दिया।

जसरा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयसिंह पटेल की अध्यक्षता में आम नागरिक, राष्ट्र भक्त एवं भाजपा कार्यकताओं ने खंड विकास कार्यालय जसरा से जसरा बाजार तक तिरंगा



तिरंगा यात्रा में शामिल लोग

यात्रा निकाली और वहीं यात्रा का समापन किया गया। तिरंगा यात्रा समापन पर मुख्य अतिथि जय सिंह पटेल ने कहा कि देश की सेना के शौर्य और शक्ति से पुनः पूरे विश्व में भारत का कीर्तिमान फैला है। तिरंगा यात्रा लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को और प्रज्वलित कर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द्र का प्रतीक बनता चला जा रहा है। तिरंगा यात्रा समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करता है। पाकिस्तान को घर में घुसकर देश की सेना ने ऐसा सबक सिखाया कि पूरा विश्व सन्न रह गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष जसरा जगत नारायण शुक्ला ने भारत माता की जय, वंदेमातरम्, धर्म पूछकर मारा था, घर में घुसकर मारेंगे, सेना के सम्मान में हम सब हैं मैदान में। आदि जयघोष में भारी उत्साह भरते हुए लोगों को देश सेवा के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। श्री शुक्ला ने कहा कि देश की सेना ने पुनः तिरंगे का मान बढ़ाया है और भारत का पूरे विश्व में परचम लहराया है। इस अवसर पर संयोजक जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला (प्रचंड), महामंत्री भूपेंद्र पाठक, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंडित अभिषेक शुक्ल, शंकर लाल गुप्ता, ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर, अर्जुन विश्वकर्मा, आलोक द्विवेदी, राकेश पाठक, नंद कुमार पांडेय आदि के साथ ही भारी संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में सम्मिलित रहे।

# मारपीट की घटना में तेरह आरोपियों के खिलाफ क्रास केस, तीन भेजे गये जेल

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस गिरफ्त में तीन आरोपी

**प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के नरवल गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने तेरह आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है । वही घटना में एक पक्ष के तीन आरोपियों को पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। उदयपुर थाना क्षेत्र नरवल गांव में शुक्रवार की रात दो पक्षों में मारपीट की घटना घटित हुई । घटना को लेकर एक पक्ष के देवनारायण सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि तेइस मई की रात लगभग दस बजे वह अपने भतीजे नीतिन सिंह व अतुल सिंह के साथ घर में मौजूद थे। इसी समय पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी गांव के शिव कुमार सिह पुत्र चन्द्रभान सिंह, अंकित सिंह, मोहित सिंह पुत्रगण रविन्द्र सिंह तथा रोहित सिह पुत्र गोविद सिंह , बलराम पुत्र राकेश सिह एवं दो अज्ञात आरोपी लाठी डंडे तथा लोहे की राड से लैस होकर गाली गलौज करते घर में घुस आये । आरोपियों ने जांनलेवाव हमले में परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। हमलें में बीच-बचाव के लिए नरसिंह बहादुर सिंह आये तब आरोपियों ने लोहे की राड से हमला कर दिया। हमलें में नरसिंह बहादुर सिंह गम्भीर चोटों के कारण बेहोश हो गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिव कुमार सिंह समेत पांच नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास व घर में घुसकर मारपीट समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। वही घटना को लेकर दूसरे पक्ष के अंकित पुत्र रावेन्द्र सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि घटना की रात आरोपी गांव के देवनारायण सिंह पुत्र शिव बहादुर सिह तथा विनोद पुत्र शिव बहादुर एवं नितिन पुत्र नरसिंह बहादुर व नरसिंह पुत्र शिव बहादुर, अतुल सिंह पुत्र विनोद सिंह , घेराऊ पुत्र राम सेवक अवैध मिट्टी का खनन करवा रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित तथा उसके परिवार के सदस्यों पर गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमले में पीड़ित व उसके परिवार के सदस्यों को चोटे आयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने देवनारायण समेत छह आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज व बलवा का केस दर्ज किया है। इधर घटना में गम्भीर रूप से घायल नरसिंह बहादुर सिंह की रविवार को स्थिति नाजुक बताई गई। उन्हें इलाज के लिए पीजीआई में वेनटीलेटर पर रखा गया है। घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में नामजद तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। दरोगा नन्दलाल यादव रविवार को फोर्स के साथ चेकिंग अभियान में निकले थे। इस दौरान गांव से आरोपी मोहित सिंह पुत्र रावेन्द्र सिंह , रोहित सिंह पुत्र गोविंद सिंह व बलराम पुत्र राकेश सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपियों को दोपहर बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के पास से मारपीट में प्रयोग किये बांस के डंडे को भी बरमाद किया गया है।

## पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गम्भीर धाराओं में केस

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने पीड़िता तथा उसके परिवार के सदस्यों पर जांनलेवा हमले को लेकर पांच आरोपियों के खिलाफ शनिवार की रात हत्या के प्रयास तथा घर में घुसकर मारपीट समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के तिवरानन का पुरवा पहाड़पुर निवासी बृजेश नारायण तिवारी की पत्नी आशा देवी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बाईस मई को विपक्षी रामचंदर उर्फ मुखिया पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी ने जबरिया रास्ते में अवरोध खड़ा कर दिया। मना करने पर दिन में ढाई बजे आरोपी रामचंदर, व कंचन देवी पति रामचंदर तथा अनुज कुमार व रवि कुमार एवं अमित कुमार पुत्रगण रामचंदर ने गाली गलौज शुरू की। पीड़िता जांन बचाने के लिए घर में घुस गई तब आरोपी लाठी डंडे से लैस होकर घर में घुसकर मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना में पीड़िता का पुत्र रोहित कुमार व मोहित कुमार चुटहिल होकर बेहोश हो गये। शोर मचाने पर आरोपी जांनलेववा धमकी देते चले गये। दोनो घायलों का एक अस्पताल में इलाज जारी बताया जाता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रामचंदर समेत पांच के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया।

## न्यूज झरोखा

### ड्रोन कैमरा छीनकर भागे बदमाश, मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** शादी समारोह से लौट रहे फोटोग्राफर का बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर ड्रोन कैमरा छीनकर फरार हो गये।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कंधई थाना क्षेत्र के लौवार गांव निवासी महेंद्र कुमार वर्मा वीडियो रिकॉर्डिंग व फोटो ग्राफर का काम करता है।शुक्रवार को वह अपने चचेरे भाई गया प्रसाद वर्मा के साथ एक शादी समारोह में वीडियो रिकॉर्डिंग करने गया था।रात में घर लौटते समय जैसे ही तेरहमील नहर के पास पहुंचा कि एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दिया वह सड़क पर गिर पड़ा इतने में बदमाशों ने उसका ड्रोन कैमरा सहित इलेक्ट्रिक उपकरण लेकर फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध को पुलिस चैकी लेकर आई पूछताछ के बाद युवकों छोड़ दिया और बाइक कब्जे में ले लिया। स्टूडियो संचालक की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।चैकी प्रभारी दीवानगंज दीपक कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। कुछ संदिग्ध लोगों को चिंहित किया गया है जल्द ही लूट का खुलासा किया जायेगा।

### एग्रीमेंट का बकाया वापस न करने पर मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** जमीन का एग्रीमेंट का रूपया वापस न करने पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।रानीगंज थाना क्षेत्र के विष्णुपुर खुर्द निवासी आलोक सिंह की पत्नी वर्षा सिंह ने शनिवार को दिलीपपुर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मिसिद्धिपुर निवासी जयप्रकाश शर्मा से चार बिस्वा जमीन अपने नाम एग्रीमेंट करवाई थी। एग्रीमेंट की समय अवधि समाप्त होने पर वर्षा सिंह द्वारा जयप्रकाश शर्मा से बकाया रुपया वापस करने या जमीन का बैनामा करने के लिये कहा तो कुछ दिन की और मोहलत देने की बात कही गई । आरोप है कि जय प्रकाश अपने बेटे विकास शर्मा के खाते में लाख रुपए बैंक के माध्यम से आरटीजीएस किया और तीस हजार रुपए आनलाइन भुगतान के साथ अलग-अलग किस्तों में नगद लिया था। एग्रीमेंट की जमीन पर पीड़िता द्वारा सरसों बोया गया था उसे आरोपी के भाई भोला शर्मा ने जबरन काट लिया तथा एग्रीमेंट का बकाया राशि वापस न करने की धमकी दी।वर्षा सिंह की तहरीर पर दिलीपपुर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में जयप्रकाश शर्मा भोला शर्मा विकास कुमार शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट की घटना को लेकर दी तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज।** जेठवारा थाना के कुटिलिया निवासी नन्कू पाल के पुत्र परमेश्वर ने लालगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती तेइस मई की रात अज्ञात आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने उसके पुत्र रोहित को मारपीट कर अधमरा खेत में फेक दिया। पीड़ित का कहना है कि उसका पुत्र रोहित निमंत्रण के लिए घर से निकला थां। अगले दिन चैबीस मई की सुबह लालगंज कोतवली के बड़गईयन गांव के पास एक खेत में उसका पुत्र बेहोशी की दशा में मिला। होश आने पर पीड़ित ने बताया कि छह लोगों ने उसे मारपीटकर चुटहिल कर दिया। घायल के मुताबिक वह आरोपियों को देखकर पहचान सकेगा। तहरीर में घायल के मोबाइल फोन भी गायब होने की बात कही गई है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच कर आरोपियों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाई की जायेगी।


चौरो द्वारा दीवाल की गयी सेंधमारी

# एक ही रात में तीन घरों में चोरी, मचा हड़कम्प

**प्रतापगढ़।** एक ही रात तीन घरों में चोरी की घटना से इलाके में हड़कम्प मच गया। पुलिस घटना को लेकर जांच का राग अलापती दिखी। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे रामन मेंढावा गांव में शनिवार की रात चोरों ने तीन घरों में सेंधमारी कर नकदी व लाखों के कीमती आभूषण चोरी कर लिये। चोरों ने पक्की ईंट की दीवार काटकर गांव के राजेन्द्र कुमार, श्रवण और महेन्द्र के घरों में चोरी की दुस्साहसिक घटना अंजाम दिया। रविवार सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो चोरी की जानकारी पाकर पीड़ित आवक रह गये। सूचना पर 112 नंबर व लालगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची व जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा।

# जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा के मेधावी हुए सम्मानित, छात्रवृत्ति पाकर खिले चेहरे

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में सम्मानित किये गये मेधावी

**लालगंज।** धधुआगाजर स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में रविवार को जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र व छात्रवृत्ति पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। सम्मान समारोह का शुभारम्भ निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं संरक्षक विभव भूषण शुक्ल तथा चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वही अतिथियों ने विद्यालय के संस्थापक स्वं0 पं0 भगवत प्रसाद शुक्ल एवं शान्ती देवी के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। सभागार में आयोजित शांति देवी मानव विकास सेवा संस्थान के बैनर तले भव्य एवं रंगारंग समारोह में चैथी बार आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा के सफल मेधावियों को निदेशिका श्रुति शुक्ला एवं अतिथियों ने सम्मान पत्र तथा मेडल व छात्रवृत्ति प्रदान कर हौसला आफजाई किया। समारोह में आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज के मेधावी शिखर मिश्रा, श्रेष्ठ सिंह, सुमित वर्मा, आयुष्मान मिश्रा, व अभिनव सिंह तथा विद्या एजुकेशन इंस्टिटयूट के कौशल पाण्डेय तथा आइंस्टीन पब्लिक स्कूल प्रतापगढ़ के 39 , संस्कार ग्लोबल के 2 , जयपुरिया के एक ,डॉल्फिन पब्लिक स्कूल तथा किड्स वैली एकेडमी के एक व सेंट जोसेफ के तीन , स्वामी विवेकानन्द एवं यश के वाई चिल्ड्रेन एकेडमी के एक समेत इन सफल मेधावियों छात्रों को छह लाख की छात्रवृत्ति के तहत प्लेटनम छात्रवृत्ति पन्द्रह हजार रुपए, गोल्ड छात्रवृत्ति के तहत दस हजार व सिल्वर छात्रवृत्ति में पांच हजार एवं मेरिटोरियस छात्रवृति के तहत एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि निदेशिका श्रुति शुक्ला ने प्रदान कियां। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि आइंस्टीन पब्लिक स्कूल के द्वारा इस प्रकार की लगातार ज्ञान वर्धक प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य जिले भर की प्रतिभाओं को ज्ञान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ मुकाम हासिल कराना है। उन्होने कहा कि प्रतिभाओं को समाज एंव देश के उन्नयन में मजबूत नागरिक के रूप में तैयार करना विद्यालय के शैक्षिक मिशन के कीर्तिमान को लगातार प्रोत्साहित रखा जायेगा। संरक्षक विभव भूषण शुक्ल ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए परीक्षा एक सशक्त माध्यम है। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने भारतीय मेधा की सफलताओं का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व संचालन स्नेहा द्विवेदी एवं संगीताचार्य अशोक ओझा एवं शैलजा तिवारी व सोनी तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। विशिष्ट अतिथि डॉ0 सौरभ मिश्र व सुशीला मिश्र रही। आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज के प्रधानाचार्य मनोज ओझा ने प्रतियोगिता के ध्येय पर प्रकाश डाला। वही आइंस्टीन पब्लिक स्कूल प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य हिमाशु शेखर ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह में विद्यालय की नन्ही मुन्ही प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय एवं सामाजिक मूल्यों से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर योगेन्द्र शुक्ला, महेन्द्र पाठक, गरिमा मिश्रा, आन्द्रे डिसुलुआ, दिनेश सिंह, आदि रहे।

# प्रधान पर बदमाशों ने सटाया असलहा, चार नामजद व छः अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** शादी समारोह से अपने भाई के साथ वापस घर लौट रहे प्रधान को बदमाशों ने रास्ते में रोककर असलहा सटा दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।इस मामले पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कधंई थाना क्षेत्र के भैसौनी निवासी प्रधान राहुल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह 18 मई की रात अपने रिश्तेदारी से भाई अभयराज के साथ घर वापस लौट रहा था।तेरहमील नहर के पास आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने प्रधान व उसके भाई को रोककर छाती और कनपटी पर तमंचा सटाकर मां बहन को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी।इस मामले में प्रधान ने पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने कंधई थाना क्षेत्र के दुगार्देई निवासी मुलायम यादव, रामसिंह यादव पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारा पुर निवासी पवन यादव उर्फ ईशू औगापुर गांव निवासी गुलशन यादव सहित छः अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।एसओ कंधई गुलाबचंद सोनकर ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मामला चल रहा है, ग्राम प्रधान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# समर कैंप का हुआ भव्य समापन, बच्चों ने सीखीं विभिन्न विधाएं

## आत्रेय एकेडमी में हुआ आयोजन, बच्चों ने की जमकर मस्ती

**अखंड भारत संदेश**


समर कैंप के आखिरी दिन प्रमाण पत्र के साथ बच्चे

**प्रतापगढ़।** नगर के निकट कटरा रोड फुलवारी स्थित आत्रेय एकेडमी में रविवार को समर कैंप का भव्य समापन हुआ। दस दिनों तक आयोजित इस समर कैंप के दौरान बच्चों ने विभिन्न विधाएं सीखने के साथ ही जमकर मस्ती भी की। आखिरी दिन बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण कर विदा किया गया।

आत्रेय एकेडमी में आयोजित समर कैंप का बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके अनुभवों को साझा करने संग समापन हुआ। समर कैंप के दौरान बच्चों ने जूडो कराटे, विभिन्न नृत्य कलाएं, गीत संगीत के सुर, वाद्य यंत्रों का वादन, कुम्हार के चाक पर माटी कला, घुड़सवारी, स्वीमिंग पूल में तैराकी, क्रिकेट, बास्केटबॉल समेत विभिन्न विधाएं सीखीं। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न खेलों का जमकर लुत्फ उठाया और धमाल भी मचाया। समापन अवसर पर बच्चों को प्रमाण पत्र देते हुए प्रिंसिपल आरती द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को समर कैंप के दौरान विभिन्न सीखें मिलती हैं। इस दौरान बच्चे एक दूसरे की सहायता करना, एक साथ मिलकर काम करना, समूह में किसी भी चीज का आनंद उठाना जैसे सामुदायिक कार्य सीखते हैं। इन सभी क्रियाओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्रबंधक संदीप श्रीवास्तव ने कहाकि स्कूल में पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के दौरान बच्चे बहुत सी ऐसी विधाओं को नहीं सीख पाते जो उन्हें जाननी चाहिए। ऐसे में समर कैंप का आयोजन करके बच्चों को उन सभी विषयों की सीख दी जाती है। जिनसे बच्चों को आनंद के साथ ही सीख भी मिलती है। समर कैंप के दौरान बच्चे कुछ न कुछ नया ही सीखते हैं। इस दौरान ममता दयाल, रजनीश, राम शर्मा, प्रभाकर राय समेत सभी स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

# आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में अधेड़ की मौत को लेकर लीलापुर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के कालीदीन का पुरवा निवासी हरिलाल वर्मा के पुत्र विजय ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तेइस मई को उसका चाचा नरेन्द्र बहादुर वर्मा निमत्रण से रात करीब पौने बारह बजे पैदल घर वापस आ रहा था। सगरासुंदरपुर बाजार के लक्ष्मणपुर तिराहे के पास कोतवाली देहात के पूरे रायजू मोहनगंज निवासी उदयराज सिंह के पुत्र शैलेन्द्र सिंह ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए उसके चाचा को पीछे से टक्कर मार दी। प्रयागराज मेडिकल कालेज ले जाते समय चुटहिल नरेन्द्र की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक शैलेन्द्र के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है।

# शिव पार्वती का विवाह देखकर श्रोता झूमे, जयकारों से गूंज उठा पंडाल


भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह देखने को उमड़ी श्रोताओं की भीड़

**बेलखरनाथ धाम।** भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह देखकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। पार्वती पतये नमः के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। बेलखरनाथ ब्लाक के अंतर्गत पूरे गुलाल गांव में ब्रम्हवीर बाबा धाम पर सीताराम पांडे व उर्मिला पांडे द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के दौरान श्रोता गण झूमे उठें। कथावाचक श्रीधामवृंदावन से पधारे आचार्य शीतला प्रसाद शालिगराम दास महाराज ने कहा कि देवाधिदेव महादेव के विवाह में हर प्रकार के लोग थे महादेव बड़े भोले हैं इस लिए वह अपने शादी में किसी को भी बारात में जाने से मना नहीं किया। भगवान का प्रेम देखकर इस बारात में सभी भक्त मौजूद थे।उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती के विवाह में पूरे ब्रह्मांड में खुशी थी।कथा के अंत में भगवान शिव व माता पार्वती की महिमा का गुणगान के बाद कथा का समापन किया गया। इस मौके पर उमेशचंद्र पांडेय, सतीश पांडेय, अशोक पांडेय, कमलेश पांडेय, अर्पित पांडेय सहित सैकड़ों शिव भक्त मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर निकाली गई तिरंगा यात्रा


तिरंगा यात्रा रैली निकालते लोग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत गड़वारा के वार्ड बण्डा सकटडीह में भाजपा अन्तू मण्डल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सैकड़ों की संख्या देशभक्त नागरिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल लोगों ने तिरंगा झंडा और सेना की वीरता से जुड़े स्लोगन वाली तख्तियां लेकर यात्रा में शामिल हुए।यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वीर सैनिकों के जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले का भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर जवाब दिया है। सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया है। इस दौरान तिरंगा यात्रा में भाजपा अन्तू मण्डल अध्यक्ष राजाराम वैश्य, वार्ड सभासद विवेक त्रिपाठी, बृजेश सिंह, नन्दलाल सरोज, मण्डल उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, निहाल सिंह, रिंकू तिवारी, अभिषेक मिश्र, अंजनी पाण्डेय, मनोज पुष्पाकर, अजय सरोज, सुधीर शुक्ल, अनिल दूबे, कुलदीप तिवारी, सत्यप्रकाश मिश्र, विजय शुक्ल आदि शामिल रहे।

# दर्द हमको मिला वो संवरते रहे .....

## कवि सम्मेलन में आपरेशन सिंदूर की कामयाबी को लेकर बही राष्ट्रीयता की धार

**अखंड भारत संदेश**



कवि सम्मेलन में आपरेशन सिंदूर की सफलता का बखान करते कवि

**प्रतापगढ।** आपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर केन्द्रित कवि सम्मेलन में कवियों ने राष्ट्रीयता की धार को परवान चढाया है। सांगीपुर क्षेत्र के बाबा घुइसरनाथ धाम के समीपपूरे लछिमन डभियार गांव में शनिवार की शाम में शिवम साहित्यिक मंच के वैनर तले कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में चोटी के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के जरियें आपरेशन सिंदूर की सफलता का जमकर बखान किया। देश के शौर्य गाथा से जुड़ी पक्तियों को सुनकर श्रोता भी राष्ट्रीयता के ओज में झूम उठे। वही कवि सम्मेलन में कवियों ने सामाजिक सद्भावना, राष्ट्रीय एकता व नैतिक मूल्यों में आ रही गिरावट को लेकर भी जागरूकता प्रदान की। अमेठी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ किया। नवीन सुलतानपुरी की वाणी वंदना मनमोहक रही। कवि शीतला प्रसाद सुजान ने भ्रष्टाचार पर कुछ यूं प्रहार किया - जहां पे देखो वहीं दलालों चोरों के हैं राज वही श्रृगांर के मशहूर कवि नवीन सुलतानपुरी ने पढ़ा -दर्द हमको मिला वो संवरते रहे को सुनकर लोग वाह-वाह कर उठे। अमेठी के हेमंत शुक्ल ने जंग कोई कभी भी न हारा,आज अपनों से हारा पढ़ा । वरिष्ठ साहित्यकार चंद्र प्रकाश मंजुल ने हास्य व्यंग के जरिए विविध विषयों पर करारा प्रहार किया। वही ओजकवि अंजनी अमोघ, देवेन्द्रनाथ त्रिपाठी, सुधीर रंजन, डा राममूर्ति मिश्र, श्यामशंकर पांडेय, रमेश मिश्र, डा राममूर्ति मिश्र, वेनीमाधव मिश्र, अनूप त्रिपाठी, पवन मिश्र प्रखर की भी रचनायें लोगों को पसंद आई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने साहित्य को राष्ट्र की चेतना का स्तम्भ कहा। विशिष्ट अतिथि रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी साहित्य को देश व समाज की मजबूती का आधार स्तम्भ बताया । कवि सम्मेलन की अध्यक्षता आचार्य विद्याभूषण मिश्र व संचालन साहित्यकार एवं सयोजक कवि अखिलेश मिश्र ने किया । आयोजक पं0 प्रताप नारायण मिश्र शास्त्री ने साहित्यकारों को मंच की ओर से सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन सहसंयोजक शैलेश मिश्र व नागेश मिश्र ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, राणा सूबेदार सिंह, अरविंद मिश्र, डा अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, अशोकधर द्विवेदी, कमलेश मिश्र, राज, आचार्य बृजबिहारी मिश्र, धनंजय मिश्र, शम्भूनाथ मिश्र, राजू पयासी, पप्पू पांडेय, रमाकांत मिश्र, मधुबनी अमरबहादुर सिंह, समाजसेवी संजय शुक्ल, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, राजकुमार मिश्रा, डॉ0 वीपी यादव, पंकज शुक्ला, विनोद सिंह बघेल, सुरेश मिश्र मदन, प्रेम मिश्रा, सुनील सिंह, शिव करन चर्तुवेदी, अभिषेक पाण्डेय, मुकेश तिवारी, सुमित वत्सल, शत्रुधन पाण्डेय, दिनेश सिंह, श्रीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

# ससुरालीजनों के खिलाफ प्रताड़ना का केस

**प्रतापगढ़।** विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ना के तहत मारपीट कर घर से निकाल देने को लेकर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मनऊ का पुरवा निवासी निक्की पत्नी मनोज कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तेइस मई को सुबह सात बजे दहेज प्रताड़ना को लेकर पति मनोज कुमार, ससुर मुहव्वल व सास शिवसता ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। ससुरालीजनों ने पीड़िता से दो लाख रुपए नगद तथा एक बाइक की मांग करते हुए उसे जबरिया घर से निकाल दिया । तहरीर के आधार पर पुलिस ने मनोज समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# माफियाओं, सक्रिय अपराधियों, लुटेरों की कसें नकेल :आईजी

## सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील मिश्रित आवादी वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया



**कौशांबी।** पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज अजय कुमार मिश्र द्वारा शांति कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी का भ्रमण किया गया भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम पुलिस कार्यालय आगमन पर को सेरीमोनियल गार्द द्वारा सलामी दी गई तत्पश्चात राजपत्रित अधिकारियों के साथ पुलिस कार्यालय में समीक्षा गोष्ठी कर जनपद की कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं जनपद में सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील मिश्रित आवादी वाले स्थानों पर पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया गया साथ ही हाईवे पर स्थित होटल ढाबों तथा शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया इसी क्रम में जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत माफियाओं, सक्रिय अपराधियों, लुटेरों आदि पर नकेल कसने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए गोष्ठी में राजपत्रित अधिकारियों द्वारा की जा रही विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए लम्बित विवेचनाओं के त्वरित गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं साक्ष्य परक निस्तारण किये जाने हेतु जोर दिया गया । महिला सम्बन्धी एवं एससी एसटी से सम्बन्धित प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तत्पश्चात द्वारा ई-सम्मन प्रणाली के अंतर्गत कृत कार्यवाही की समीक्षा करते हुये न्यायालय से प्राप्त ऑनलाइन सम्मन आदेशिका आदि को थाना स्तर से समयबद्ध आवंटन एवं बीट पुलिस कर्मियों द्वारा यथाशीघ्र तामीला किये जाने पर जोर दिया गया इसी क्रम में ई-सम्मन एप्लिकेशन का सम्यक संचालन एवं प्रयोग हेतु पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा ई-सम्मन एप्लिकेशन के माध्यम से आदेशिकाओं का शत प्रतिशत समयबद्ध तामिला कराये जाने हेतु आदेशित किया गया इसी क्रम में ई-साक्ष्य एप्लीकेशन पर प्रगति की समीक्षा करते हुये जनपद के समस्त थानों के विवेचकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को ई-साक्ष्य मोबाइल एप्लीकेशन का संचालन एवं प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु प्रशिक्षण दिये जाने एवं शत प्रतिशत विवेचनाओ में ई-साक्ष्य एप्लिकेशन के माध्यम से साक्ष्य एकत्रित करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जैसे ही विवेचकों द्वारा ई-साक्ष्य एप्लिकेशन पर एसआईडी क्रिएट किया जाए उसे तत्काल सम्बन्धित एफआईआर से लिंक करा दिया जाए एवं साक्ष्य संकलन हेतु ई-साक्ष्य एप्लिकेशन का प्रयोग करने मे शिथिलता न बरती जाए । तत्पश्चात द्वारा नव निर्मित वीडियों कान्फ्रेसिंग रूम का निरीक्षण किया गया एवं रूम में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गयी । वीडियों कान्फ्रेसिंग रूम में साक्षियों द्वारा वी0सी0 के माध्यम से साक्ष्य देने हेतु समस्त सुविधाए उपलब्ध करायी गयी है जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीसी के माध्यम से साक्ष्य देने हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण किया गया । भ्रमण के दौरान आगामी आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के आगमन के पश्चात उनकी नियुक्ति, अभ्यर्थियों की जेटीसी एवं आधारभूत प्रशिक्षण के दौरान उनके रहने के स्थान ( बैरक ), शौचालय, भोजनालय, कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष आदि में उपलब्ध कराये गये मूलभूत सुविधाओं/व्यवस्थायों का निरीक्षण किया गया । तत्पश्चात रिक्रूट आरक्षियों की संख्या के सापेक्ष आन्तरिक/वाह्य विषयों के प्रशिक्षकों, चतुर्थ श्रेणी कर्मियों एवं प्रशिक्षण सम्बन्धित उपकरणों की उपलब्धता की समीक्षा की गयी । इसी क्रम में परिसर की साफ-सफाई एवं प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा निर्गत निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद भ्रमण के दौरान राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी एवं क्षेत्राधिकारी मौजूद रहें।

# इलाज में बच्चे की मौत के बाद दो कथित डॉक्टर गिरफ्तार

## कथित डॉक्टरों ने बचने के उद्देश्य से मौत के बाद भी मरीज कों रेफर कर दिया था

**कौशाम्बी।** चरवा थाना के सिरियावा कला निवासी वादी मुकदमा राम आसरे पुत्र लल्लू राम द्वारा 16 मार्च को थाना में सूचना दी गयी कि मेरे लड़के दिव्यांशु उम्र 05 वर्ष का बिना किसी सीनियर डाक्टर के लापरवाही पूर्वक उपचार किया गया जिससे उपचार के दौरान दिव्यांशु की मृत्यु हो गयी तहरीर के आधार पर थाना चरवा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ तत्पश्चात 25 मई को थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों विकास कुमार वा विशेष कुमार पुत्रगण विनोद कुमार निवासी ग्राम पतेरिया मजरा सिकन्दरपुर आइमा थाना चरवा को पानी टंकी काजू तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया पूछताछ पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगो ने अनमोल हास्पिटल के नाम से चरवा मनौरी रोड पर अस्पताल खोल रखा है जो मेरे भाई संजय कुमार के नाम से पंजीकृत है । हम लोग जनता में अपने आप को डाक्टर प्रचारित करे है जबकि हम लोगो के पास कोई चिकित्सक की डिग्री नही है 16 मार्च को दिव्यांशू को इलाज के लिये मेरे अस्पताल में भर्ती किया गया था और डाक्टर समय से नहीं आ पाये इसलिए हम लोगों ने पैसों के लालच में उसके दाहिने पैर का आपरेशन करके राड निकाल रहे थे कि इसी दौरान उनकी मृत्यु हो गयी परन्तु कथित डॉक्टरों ने बचने के उद्देश्य से मौत के बाद भी मरीज कों रेफर कर दिया था।

# मंडलीय योगा ओलंपियाड 2025 का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** योगा ओलंपियाड जनपद स्तरीय प्रतियोगिता मैं चयनित प्रतिभागी दिनांक 25/ 5 मई को मंडलीय योगा ओलंपियाड केपी इंटर कॉलेज प्रयागराज मंडल प्रयागराज मे प्रतिभाग करेंगे, जिला विद्यालय निरीक्षक नीरज केसरी के निर्देशन में जनपद कौशांबी की टीम मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु रविवार को प्रातः 8:00 बजे रवाना की गई। जिला खेल सचिव श्यामलाल ने बताया कि राजकीय हाई स्कूल मिश्रपुर डहिया के छात्र छात्राए सौरभ कुमार प्रजापति, यशी पांडे, सुशील कुमार, एवं पूनम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मंडलीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए, प्रधानाध्यापक कपूर चंद्र शुक्ला राजकीय हाई स्कूल मिश्रपुर डहिया ने बच्चों के अच्छे प्रदर्शन एवं टीम प्रबंधक श्रीमती बेबी कुमारी को शुभकामनाएं देते हुए मंडलीय योगा ओलंपियाड 2025 की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया।

# नकली सोना देकर 15 लाख ठगी करने वाले 06 अभियुक्त गिरफ्तार

## उड़ीसा के अभियुक्त घूम-घूम कर करते हैं ठगी कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** असली सोना दिखाकर नकली सोना देकर 15 लाख ठगी करने वाले 6 लोगों को कोखराज पुलिस में रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया है मंझनपुर कोतवाली के मलकिया निवासी वादी श्रीनाथ मौर्य पुत्र रामनिहोर मौर्य द्वारा थाना कोखराज पर 24 मई को सूचना दी गयी कि उनके साथ अज्ञात बंजारों द्वारा 05 दिन पूर्व असली सोने का एक टुकड़ा दिखाकर कम दाम में सोना देने का लालच दिया गया था, लालच में आकर उन लोगो से सौदा कर लिया था । दिनांक 23.05.2025 को बंजारों ने नकली सोना देकर उनके साथ ठगी करके,15 लाख रुपये ले गये । वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 0218/2025 धारा 304/318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया । घटना की गम्भीरता को देखते हुए राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा टीमों का गठन कर घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। दिनांक 24 मई की रात्रि में थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु गश्त/चेकिंग की जा रही थी । गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सटीक सूचना प्राप्त हुई कि सुनार के साथ 15 लाख रुपये की ठगी करने वाले 06 लोग चमरुपुर पुलिया से कोखराज जाने वाले मार्ग के पास बगीचे में बैठे हैं, जो पैसों का आपस में बटवारा कर रहे हैं सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी कर 03 महिलाओं सहित 06 अभियुक्तों हरिदास पुत्र कार्तिकदास निवासी पतामुली, केन्द्रापरा उड़ीसा वा अम्बिकादास पुत्र बाबाजीदास निवासी ग्राम बेतरा भदरक ग्रामीण, बारिकपुर बाजार, उड़ीसा वा बाला प्रधान पुत्र बसुआ प्रधान निवासी मानातीरा, जाखापुरा, दशामनिया, जाजापुर, उड़ीसा वा ममुनीदास पत्नी नारायणदास निवासिनी दहीशाही, मुंडामल, व्यासनगर, जाजापुर रोड जाजापुर, उड़ीसा वा रीनादास पत्नी हरिदास निवासिनी पतामुली, केन्द्रापरा उड़ीसा वा राधादास पत्नी अम्बिकादास निवासिनी बेतरा भदरक ग्रामीण, बारिकपुर बाजार, उड़ीसा को नियमानुसार हिरासत में लिया गया ।अभियुक्तगणों के कब्जे से ठगी/धोखधड़ी की सम्पूर्ण धनराशि 15 लाख रुपए एवं 02 अदद मोबाइल फोन बरामद किए गए विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तगणों को न्यायालय भेज दिया गया सभी अभियुक्तों ने गहन पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग बंजारे हैं, लगभग 5-6 दिन पहले हम लोगों ने एक सुनार को सोने का टुकड़ा दिखाकर कम दाम में सोना देने की बात की थी, सुनार हमारे झांसे में आ गया और हम लोगों ने उससे 15 लाख रुपये लेकर नकली सोना दे दिया था आज हम लोग उसी पैसे का आपस में बटवारा कर रहे थे अभियुक्तों ने यह भी बताया कि हम लोग इसी तरह से घूम-घूमकर कुछ समय के लिए गांव के बाहर डेरा डालते हैं और लोगों को सुनारों को कम दाम में सोना देने की बात करते हैं, जो लोग हमारे झांसे में आ जाते हैं, उनसे असली सोना बताकर नकली सोना देकर पैसे ठग लेते हैं और अपना डेरा उठाकर किसी अन्य जगह चले जाते हैं । इसी दौरान वादी मुकदमा आ गये और सभी अभियुक्तों को पहचान लिया।

## न्यूज झरोखा

### आमने-सामने भिड़े बाइक सवार 3 घायल उपचार के दौरान एक की मौत



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के टांडा मार्ग पर नंदेमई गांव के सामने दो बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए जिसमें तीन लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेज दिया जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार 45 वर्ष पुत्र विजय सिंह बाइक से अझुवा की तरफ से अपने गांव टांडा जा रहे थे नांदेमई गांव के सामने सड़क पर टांडा गांव की तरफ से आ रहे बाइक सवार अमित कुमार पुत्र जागेश्वर निवासी टांडा, अमित के पीछे बैठा निलेश कुमार पुत्र रामदास निवासी नरैनी असोथर फतेहपुर आमने सामने से भीड़ गए जिससे तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से इस्माइल पुर कड़ा अस्पताल भेज दिया है जहां डॉक्टरों ने दिनेश कुमार के मौत की पुष्टि की है ।दुर्घटना में घायल हुए अमित और निलेश को इस्माइल पुर अस्पताल से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया ।दिनेश कुमार की मौत से उनके तीन पुत्रों सहित परिजनों में कोहराम मचा है । अझुवा चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### अपनी शादी का दावत देकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



**कौशांबी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के ताज मल्लाहन गांव निवासी अनिल कुमार मुंबई में रहकर रोजगार करते थे कुछ दिन पहले वह गांव लौटे थे 10 जून को उनकी शादी थी शनिवार की रात वह अपने बुआ के घर दावत देकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार मंझनपुर कोतवाली के टेवा टिकरी गांव पुलिस लाइन के पास पहुंचे अनियंत्रित होकर सड़क हादसे के शिकार हो गए हैं दुर्घटना में अनिल की दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मौत की जानकारी मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे हैं रविवार को उनका शव पोस्टमार्टम होने के बाद जब गांव पहुंचा दो गांव में कोहराम मच गया और जो बारात में शामिल होने वाले लोग थे वह उसके अंतिम संस्कार में शामिल हुए हैं।

### करारी पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 65/2016 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बन्धित 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों 1. बनवारी लाल पुत्र राम खेलावन 2. राजेश पुत्र छोटेलाल 3. कल्लू पुत्र बनवारी लाल निवासी महेन्द्र थाना करारी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया।

# बूथ गठन व संगठन सृजन ही हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण : राजेश तिवारी

## 9 वर्ष लगातार ज़िला अध्यक्ष रहे नुसरत सलमान सरवर की कांग्रेस परिवार में पुनः वापसी




**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार राजेश तिवारी ने रविवार को ज़िला कौशाम्बी के प्रथम व 9 वर्ष लगातार ज़िला अध्यक्ष रहे नुसरत सलमान सरवर के निवास ग्राम महगांव पहुँच कर पुनः नुसरत सलमान की कांग्रेस परिवार में वापसी कराई और बूथ सृजन कार्यक्रम के तहत नुसरत सलमान जी के नेतृत्व में सर्व सम्मति से 4 बूथ अध्यक्ष और दर्जनों बूथ सदस्यों की नियुक्ति करायी उसके बाद नगर पालिका भरवारी के वार्ड नंबर 10 नौढीया गांव में ज़िला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया के द्वारा आयोजित बूथ सृजन कार्यक्रम के तहत दो बूथ अध्यक्ष व एक वार्ड अध्यक्ष की सर्व सम्मति से नियुक्ति की गई/ जिसके बाद कोखराज के राम जी होटल में आयोजित प्रयागराज जोन की बैठक ज़िला अध्यक्ष गौरव पांडेय के अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसके मुख्य अतिथि राजेश तिवारी ने प्रयागराज जोन में आने वाले ज़िला एवं शहर अध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों व जिला संयोजकों को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लॉक एवं मंडल कमेटी 5 जून तक व बूथ कमेटी व बूथ सृजन अभियान 15 जुलाई तक सभी जिलों में संपूर्ण करे इस बैठक का आयोजन पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी द्वारा किया गयो इन कार्यक्रमों में जिला संयोजक राजेश साहनी सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, जिला संयोजक इमरान खान, हरिकेश त्रिपाठी, राजन दुबे, प्रजानाथ शर्मा, राहुल त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, राम किशुन पटेल, जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद, अशोक पटेल, शहर अध्यक्ष फूजैल हाशमी, राम सूरत रैदास, श्याम मूर्ति तिवारी, कुलदीप शुक्ला, आशीष मिश्रा पप्पू, राज नारायण पासी, दीपक पांडे, मो अकरम, अलकमा उस्मानी, मनोज पटेल, नूरूत जमा, शशि त्रिपाठी, मो फरमान, बरसाती लाल पंडा, हेमंत रावत, समर कोईलहा, निक्की पांडे, मो मसरूर शाहरुख सचिन पांडेय, जमशेद, असद,आलोक त्रिपाठी, सिकंदर सिंह, सरफराज चायल, मो. हरान समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# नामदेव दर्जी महासभा ने मासिक बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की

**कौशांबी।** नामदेव दर्जी महासभा कौशांबी द्वारा रविवार को भरवारी में एक बैठक आहूत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि नामदेव महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुई ।प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार समाज के संरक्षक व मुखिया राधेश्याम नामदेव ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कौशांबी जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संजीव नामदेव की घोषणा की व पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील नामदेव को युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया चंद्रभान नामदेव को मंडल अध्यक्ष,शिवदत्त नामदेव को कार्यकारी अध्यक्ष,गौरीशंकर नामदेव को कार्यकारी अध्यक्ष,राहुल नामदेव जिला उपाध्यक्ष,पवन नामदेव जिला उपाध्यक्ष,विष्णु देव नामदेव जिला महामंत्री, मुकेश नामदेव जिला महामंत्री गया प्रसाद नामदेव जिला मंत्री, अंशु नामदेव जिला मंत्री,राकेश नामदेव जिला मंत्री,अनुज नामदेव तहसील अध्यक्ष सिराथू, अजय नामदेव तहसील अध्यक्ष मंझनपुर,राहुल नामदेव तहसील अध्यक्ष,माया देवी नामदेव राष्ट्रीय संयोजिका बनाई गयी हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रकाश नामदेव थे विशिष्ट अतिथि राधे श्याम नामदेव थे,कार्यक्रम की अध्यक्षता मनमोहन नामदेव ने की, यह कार्यक्रम राधेश्याम नामदेव की अगवाई में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रेमचंद नामदेव, शीतला प्रसाद नामदेव, संतोष, योगेश मानिकचंद, सौरभ, दिनेश, उमेश रंजीत, हरिलाल, राजकरण, अनिल प्रमोद, शिवकुमार, श्रीराम अमित, सौरभ रामनारायण नर्मदा प्रसाद एड.शत्रुघ्न दीपक, नीलकमल, अनिरुद्ध राहुल, कमलेश आदि सैकड़ो नामदेव समाज के लोग उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कौशाम्बी।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं-जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर-घर नल से जल, गौ-आश्रय स्थलां एवं 50 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं के निरीक्षण के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी/सदस्य राजस्व उ0प्र0 राम केवल द्वारा दूसरे दिन शनिवार को सर्वप्रथम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कादीपुर एवं सम्बद्व चिकित्सालय मंझनपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने चिकित्सालय के पार्ट-बी में बने चिकित्सालय मॉडल को देखा। उसके उपरान्त उन्होंने ओपीडी कक्ष का निरीक्षण किया, ओपीडी कक्ष में एक दर्पण एवं हैन्गर लगाने का सुधाव दिया। उन्होंने जनरल वार्ड का भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान पीडब्लूडी के इन्जीनियर द्वारा नर्स स्टेशन एवं वार्ड के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। नोडल अधिकारी एवं वैस्कान टीम द्वारा चिकित्सालय के पार्ट बी. में अधुनिक सुविधाओ के बारे मे जानकारी प्रदान की गयी। स्पेशल सेक्रेटरी द्वारा कार्य की प्रगति को तेज करने का सुधाव दिया गया। इस पर पीडब्लूडी के इन्जीनियर एवं वैस्कान की टीम द्वारा अवगत कराया गया कि चिकित्सालय के पार्ट बी का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं चिकित्सालय में पार्ट-ए का कार्य माह-जून 2025 तक पूर्ण करा लिया जायगा। निरीक्षण के दौरान बाथरूम में टाइल्स गंदा पाये जाने पर उन्होंने टाइल्स की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। चिकित्सा महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी ने सर्वप्रथम चिकित्सा महाविद्यालय में बने मॉडल को देखा। उसके उपरान्त उन्हांने एलटी का निरीक्षण किया, निरीक्षक के दौरान एलटी में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रो की कक्षा संचालित थी। एलटी में स्पेशल सेक्रिटरी द्वारा छात्रां के साथ वार्ता की गयी, जिसमें किसी भी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नही हुई। तत्पश्चात नोडल अधिकारी ने महाविद्यालय में बने छात्रावास का भ्रमण किया एवं आधारभूत सूविधाओ के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही नोडल अधिकारी ने बहुउद्देशीय हाल का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान बहुउद्देशील हाल की सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त कराते हुए प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि वहां पर इन्डोर गेम, सेमीनार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। नोडल अधिकारी मेडिकल कॉलेज की साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ की काफी प्रशंसा की।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकाश अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य डा. हरिओम कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा1 सुनील कुमार शुक्ला, उप प्रधानाचार्य डा. सौरभ कृष्ण मिश्रा, पीडब्लूडी सहायक अभियन्ता संजीव सिंह, पीडब्लूडी अवर अभियन्ता राम बाबू एवं वैस्कान की टीम से सीतान्शू सिंह, परियोजना प्रबन्धक लवकुश मोदनवाल, वरिष्ठ अभियन्ता मुकेश एवं एसोसिएट्स से अखिलेश यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मंझनपुर पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहें अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 286/07 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त भोला पासी पुत्र खिल्ली पासी निवासी मगरोहनी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

## चरवा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 257/15 धारा 354क भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त हरिश्चन्द्र पुत्र बड़ेलाल निवासी ग्राम बलीपुर टाटा थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

# विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने मंझनपुर पार्क में चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

## पार्क के सामने कंपोजिट शराब की दुकान होने के कारण पार्क में टहलने एवं बैठने वाले लोगों को हो रही समस्या : विद्यार्थी परिषद



**कौशाम्बी** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिले के मंझनपुर नगर के कार्यकताओं ने 25 मई को विद्यार्थी परिषद की गतिविधि एसएफडी द्वारा प्रत्येक रविवार को मंझनपुर नगर में होने वाले संडे फॉर मंझनपुर के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान के निमित्त मंझनपुर पार्क में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर नगर में प्लास्टिक मुक्त का संदेश दिया गया ।पार्क में बिखरे प्लास्टिक एवं शराब की बोतलों एवं पैकेट को कार्यकताओं ने बोरे में इकट्ठा करके नष्ट किया मंझनपुर नगर मंत्री दीपक राजपूत ने बताया की हर नागरिक को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। बाजार में सामान खरीदने के लिए जाएं ।तो कपड़े का थैला लेकर के जाए और दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें प्रांत कार्य समिति सदस्य शिवांशु शुक्ला ने बताया की प्लास्टिक का प्रबंधन एवं नियोजन करना अति आवश्यक है ।यह समाज के लिए एवं मिट्टी के लिए घातक है इससे मृदा प्रदूषण होता है उन्होंने कहा कि इस अभियान के लिए प्रत्येक नगर वासियों को आगे आना होगा जल जंगल जन जमीन और जानवर के हितों की चिंता करना हम सभी का प्रमुख उद्देश्य है। मंझनपुर तहसील संयोजक सुशील सोनकर ने कहा कि सफाई के दौरान पार्क में सैकड़ो शराब की बोतल एवं पैकेट मिले इसका प्रमुख कारण है पार्क के ठीक सामने कंपोजिट शराब की दुकानों का होना ।अभियान के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा यह भी बताया गया की रात में शराबी दुकान से शराब खरीद कर और पार्क में आकर पीते हैं जिसमें आसपास के आम जनमानस को पार्क में बैठने टहलने घूमने एवं खेलने में काफी दिक्कतें हो रही है। आबकारी विभाग सभी नियमों की अवहेलना करते हुए सार्वजनिक पार्क के सामने कंपोजिट शराब की दुकानों को खुलवा कर रखा है। स्वच्छता अभियान के दौरान ,शिवांशु शुक्ला, दीपक राजपूत, जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह सुशील सोनकर, सुभम पाल शिवम दुबे हर्ष कुमार अवधेश कुमार आशीष कुमार अविरल मौर्य नगर सह मंत्री, सौरभ मौर्या एसएफएस सह संयोजक उपस्थित, रहे।

## सम्पादकीय

### नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता

**21 मई का** दिन छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में काफी खास बन गया है। सुरक्षा बलों ने एक सुनियोजित अभियान चलाकर 27 नक्सलियों को मार गिराया है। मरने वालों में ईनामी नक्सली सीपीआईएम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू का नाम भी शामिल है। बसवराजू का नाम कई बड़ी हिंसक घटनाओं से जुड़ा रहा है। 2010 में दंतेवाड़ा 76 सीआरपीएफ जवानों की मौत, 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें कांग्रेस की पहली पंक्ति के तमाम नेता मारे गए थे, 2019 का गढ़ चिरौली हमला जिसमें 15 क्यूआरटी जवान मारे गए थे, ऐसी कई और घटनाओं की योजना बसवराजू ने ही बनाई थी, ऐसा दावा है। कई छद्म नामों से भूमिगत रहते हुए नक्सल कार्रवाइयों को अंजाम देने वाले बसवराजू ने बीटेक की पढ़ाई की थी, लेकिन कॉलेज में रहते हुए ही उग्र वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर नंबाला केशव राव ने अपनी राह अलग बना ली। बसवराजू को मारना सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताई जा रही है, क्योंकि इसके बाद नक्सल संगठन कमजोर पड़ेगा यह दावा सरकार और पुलिस प्रशासन का है। बुधवार को नक्सल आंदोलन के खिलाफ इस बड़ी सफलता पर भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार दोनों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। इसे डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। वैसे भी अमित शाह ने 2019 में ही नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। अब सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने की योजना बना रही है। छत्तीसगढ़ में मिली हालिया सफलता पर अमित शाह ने ट्वीट किया कि , 'नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में ऐसा पहली बार है कि हमारे बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता को मारा है. मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।' अमित शाह ने यह भी बताया कि ऑपरेशन 'ब्लैक फॉरेस्ट' के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी काफी गदगद है। कांग्रेस ने भी इस सफल अभियान के लिए खुशी जाहिर की है, मगर इस कामयाबी पर अपना हिस्से का दावा भी ठोंक दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं इस बड़ी सफलता के लिए सभी जवानों को बधाई देता हूं.. जब हम सरकार में थे तब 600 गांवों को नक्सल मुक्त बनाया गया था। हमने लोगों में विश्वास पैदा किया और उन्हें भूमि अधिकार दिए, उनके कर्ज माफ किए और यहां तक कि उन्हें उनकी जमीनें भी वापस दिलाई। अभी जो ऑपरेशन चल रहे हैं, वे बचे हुए इलाकों में हैं।' जाहिर है इतनी बड़ी सफलता पर श्रेय लेने की होड़ तो रहेगी ही, क्योंकि अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के चंगुल में रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारें दोनों राज्यों में रहीं, दोनों दलों की सरकारों ने अपने-अपने शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाए और दोनों पर ही नक्सलियों के खात्मे की आड़ में मासूमों को निशाने पर लेने के आरोप भी लगे।

# अजब-गजब कहानियों के जरिए जारी है ताजपोशी

**- वर्षा भम्भाणी मिर्जा**

**मध्य प्रदेश** के मंत्री विजय शाह पर भी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद एफआईआर दर्ज की गई लेकिन न कोई गिरफ्तारी हुई और न ही इस्तीफा। कर्नल सोफिया कुरैशी को 'आतंकवादी की बहन' बताने पर पार्टी और सरकार की चुप्पी बताती है कि उसे मंत्रियों को हर बयान पर संरक्षण देना है और शिक्षाविदों को डराना। मासूम हैं वे बहस करने वाले जो सत्ता के इस व्यवहार को हिन्दू-मुस्लिम का फर्क बता रहे हैं।

अध्यात्म और भारतीय पौराणिक ग्रंथों के विवेचनाकार देवदत्त पटनायक एक जगह लिखते हैं कि प्राचीन काल से ही गाथाओं के माध्यम से सत्ता की स्थापना होती आई है। राजा में देवत्व का अंश बताया जाता था। यूं तो राजा अक्सर वंश विशेष से ही चुने जाते थे लेकिन जब ऐसा भी नहीं हो पाता था तब जो भी चुना जाता था, उसे लेकर यही साबित किया जाता था कि उस पर देवताओं की असीम कृपा है। वह परम प्रतापी और विलक्षण है। तब ऐसा कौन कर पाता था और किसे यह जिम्मेदारी दी जाती थी? कौन यह स्थापित करता था कि इस पर देवताओं की कृपा है और यह आम से बहुत अलग और विशेष है? क्योंकि ऐसा न होने पर प्रजा का उस पर विश्वास होना संभव नहीं होता था जिससे राजकाज में बाधा आती थी। इसके लिए प्राचीन भारत के वैदिक काल में दूसरों पर राज करने के इच्छुक महत्वाकांक्षी क्षत्रप ब्राह्मणों द्वारा अनुष्ठान करवाते थे और इन अनुष्ठानों के सफलतापूर्वक पूरे होने का तात्पर्य यह था कि देवता उस क्षत्रप के साथ हैं। अग्निष्टोम,अग्निचयन,अश्वमेध यानी वाजपेयी और हिरण्यगर्भ यजुर्वेद और ब्राह्मण साहित्य में अनुष्ठान का ब्यौरा मिलता है। फिर भी केवल इतना पर्याप्त नहीं था। बाद के दौर में ब्राह्मण कथाकार बन गए और उन्होंने राजा के राजत्व की पुष्टि करने के लिए कथाएं बताईं जिनसे साबित हो जाता था कि राजाओं का उद्गम अलौकिक है।

वैसे यहां यह बताने की जरूरत नहीं है कि आधुनिक भारत में किसने खुद को अलौकिक और नॉन बायोजिकल बताने की कोशिश की। आज का मुख्यधारा का मीडिया कहानियां सुनाने की भूमिका में है। बस, किसी तरह देवत्व स्थापित हो जाए। येन-केन बस वह यही स्थापित करने में लगा रहता है कि यह सत्ता दूध से धुली हुई है और इसका जयकारा नहीं लगाया तो अनर्थ हो जाएगा, राज्य कष्टों से घिर जाएगा। हम सब जानते हैं कि निकट अतीत में किन-किन रूपों को स्थापित करने के प्रयास समय-समय पर हुए। तब के संजय (महाभारत युग में युद्ध का सीधा हाल सुनाने वाले) ने तो धृतराष्ट्र को युद्ध का सीधा हाल ही जस का तस सुनाया था, आज का दौर तो उन्माद पैदा कर 'जोम्बी जनरेशन' बना रहा है। वो जोम्बी जो मुर्दा होकर भी अपनी जानलेवा हरकतों से किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मुख्यधारा के मीडिया की जो भूमिका रही, उस पर पूरी दुनिया में बहस -बातचीत हो रही है कि आखिर इस उत्तेजना की जरूरत क्या थी, जिसने शौर्य और वीरता के असली पराक्रम को जनता तक नहीं पहुंचने दिया।

युद्ध जिसका दूसरा नाम केवल जिन्दगियों का खात्मा है, उसकी इतने उन्मादी ढंग से वकालत क्यों की जा रही है? वह भी सदियों से शांति का संदेश देने वाली भारत भूमि से। राम, महावीर, बुद्ध, नानक और कबीर की धरा से ऐसे विध्वंस के संदेश क्यों? क्या केवल सत्ता को स्थापित और खुश करने के लिए? फिर जो मीडिया की भूमिका इतनी ही छोटी, सीमित और अविश्वसनीय हो गई है तब उस पर वह भरोसा भी क्यों किया जाए? सत्ता तो चाहती है कि जनता पहले



मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के सांप्रदायिक, स्त्री विरोधी और अश्लील बयान को सुने, फिर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के जातिसूचक बयानों को और फिर अली खान महमूदाबाद की फेसबुक पोस्ट में ऐसी उलझे कि सवाल-जवाब का स्तर बस गिरता ही चला जाए।

अली खान हरियाणा में स्थित अशोका यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर और हेड हैं। वे अपने विषय के स्कॉलर माने जाते हैं। उनकी राय सुनी जाती है। कैंब्रिज और दमस्कस यूनिवर्सिटी से उनकी पढ़ाई हुई है और वे उस अशोका यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं जिसकी बुनियाद लिबरल एजुकेशन की रही है। जब वह प्रोफेसर अपनी बात कहता है तब बजाय उसे समझने के राज्य सरकार उसे तुरंत जेल में डाल देती है, पूछताछ के लिए रिमांड पर ले लेती है । कल्पना कीजिये कि आप रात में अपनी कोई बात लिखकर सोए हों और अगले दिन पुलिस फोर्स इस तरह आपको गिरफ्तार करने घर में दाखिल हो जैसे आप कोई आतंकवादी हों। गर्भवती पत्नी की फरियाद का भी कोई असर नहीं होता। तब क्या हम देश में लिखने-बोलने की आजादी को खत्म कर केवल दमन का शासन स्थापित कर रहे हैं? यही तो लिखा था प्रो. अली ने कि 'अनेक दक्षिणपंथी टिप्पणीकार कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा कर रहे हैं, यह खुशी की बात है लेकिन ये लोग अगर इसी तरह ऐसे लोगों के लिए भी आवाजें उठाएं जो मॉब लिंचिंग, गैर-कानूनी बुलडोजर और सत्तादल की शह पर चलाए गए साम्प्रदायिक नफरत के शिकार हुए हैं, वे सरकार से मांग करें कि इन्हें भारतीय नागरिक के तौर पर सुरक्षा दी जाए तो देश आगे बढ़ेगा। दो महिला सैनिकों के जरिए जानकारी देने का नजरिया बेहतरीन है लेकिन इस नजरिये को हकीकत में बदलना चाहिए नहीं तो यह केवल सरकार का दिखावा या पाखंड माना जाएगा।' सुप्रीम कोर्ट से अली को जमानत मिल गई है लेकिन उन्हें पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है और हिदायत दी गई है कि जांच तक आप इस मामले में कुछ नहीं लिखेंगे और मीडिया से भी बात नहीं करेंगे। न्यायालय को पोस्ट लिखने का समय भी सही नहीं लगा। अब सरकार शायद इसे अपने हिसाब से देखेगी। इससे उसकी समय, भावना और अभिव्यक्ति पर नियंत्रण की सोच को बल मिलेगा। लोकतंत्र पर नए पहरे होंगे। बेशक जमानत बड़ी राहत है।

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर भी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद एफआईआर दर्ज की गई लेकिन न कोई गिरफ्तारी हुई और न ही इस्तीफा। कर्नल सोफिया कुरैशी को 'आतंकवादी की बहन' बताने पर पार्टी और सरकार की चुप्पी बताती है कि उसे मंत्रियों को हर बयान पर संरक्षण देना है और शिक्षाविदों को डराना।

मासूम हैं वे बहस करने वाले जो सत्ता के इस व्यवहार को हिन्दू-मुस्लिम का फर्क बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके नाम में अली है और उनका नाम विजय है। यह गिरफ्तारी इस आधार पर नहीं बल्कि सत्ता को आईना दिखाने वालों को सबक सिखाने के लिए है। यह बताने के लिए कि, 'सावधान, ऐसा लिखोगे तो कुचले जाओगे'। नाम का ध्यान तो केवल इसलिए रखा जाता है कि इससे मुद्दा बनता है, चीखने वाली बहस बनती है। आप बहस करना बंद कर दीजिए, मुद्दा खुद अपनी मौत मर जाएगा लेकिन इसमें किसकी दिलचस्पी है? जिस मीडिया को ऑपरेरशन सिंदूर के दौरान ही कम लोगों ने देखा, उसे जिंदा रखने के लिए ऐसे ही मसलों की तलाश रहती है। अगर आप 'विजय बनाम अली' करते रहेंगे तभी तो कहानियां बनती रहेंगी और प्राचीन काल की तरह गाथाओं के माध्यम से सत्ता भी निर्बाध चलती रहेगी। बेशक सुप्रीम कोर्ट ने जहां प्रोफेसर अली को जमानत दी, मंत्री विजय की नामंजूर कर दी।

सत्ता को स्थापित करने के लिए अजब -गजब कहानियों का यह दौर आधुनिक और नए भारत में नहीं चलना चाहिए। देवदत्त पटनायक के अनुसार, पश्चिम भारत की एक कहानी में ऋषियों की मुलाकात ऐसे पुरुष से हुई थी जो नाग के फन के नीचे सोए रहकर धूप से बचते थे या फिर कुछ शेर से दो-दो हाथ कर लेते थे।

# ननिहाल घूमने आया युवक गंगा में डूबा, तलाश में जुटे गोताखोर

## स्नान के दौरान हादसा, 18 वर्षीय सूरज मिश्रा की गहराई में समाने से मचा कोहराम

**सीतामढ़ी। कोइरौना** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कली का मवइयां गंगा घाट पर रविवार को एक दुखद घटना सामने आई, जब स्नान करते समय एक युवक गंगा नदी की गहराई में डूब गया। मृतक की पहचान सूरज मिश्रा (18 वर्ष) पुत्र रजत मिश्रा, निवासी सेमराध, कोइरौना थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। सूरज इन दिनों अपने ननिहाल आया हुआ था और अपने कुछ साथियों के साथ गंगा स्नान करने गया था।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सूरज स्नान के दौरान गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथी युवक कुछ समझ पाते, उससे पहले ही वह लहरों में समा गया। घटना की



सूचना मिलते ही मौके पर कोइरौना थाना पुलिस पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई।

घटना के बाद घाट पर हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। गंगा की तेज धारा और गहराई के कारण युवक का शव गोताखोरों के अथक प्रयास से तकरीबन 4 घंटे बाद बरामद हुआ।

पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल की घेराबंदी कराई है और गोताखोरों की संख्या बढ़ाकर तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के शव की बरामदगी हो गई है पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना स्थानीय लोगों के लिए एक दुखद चेतावनी भी है कि गंगा जैसे खतरनाक जल स्रोतों में बिना सतर्कता के स्नान करना जानलेवा साबित हो सकता है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात 28 मई को गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में करेंगी जन सुनवाई

**भदोही । राज्य** महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात 28 मई को अपने जनपद भ्रमण के दौरान जनपद की महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में पूर्वाह्न 11 बजे से सुनेंगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलें यथा-दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, कन्या भ्रूण गर्भपात, बाल विवाह, एसिड अटैक आदि से सम्बन्धित आपराधों की सुनवाई करते हुए महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के दृष्टिगत जन सुनवाई की जाएगी। राज्य महिला आयोग कार्यालय से जारी पत्र में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी की उपस्थिति में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जाएगी।

# पुलिस के हाथ लगा इधर-उधर भटक रहा बालक

## भदोही पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर बालक के परिजनों के संबंध में जानकारी कर सकुशल परिजनों को किया सुपुर्द

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। शनिवार** की सायं प्रभारी निरीक्षक ऊँज द्वारा शान्ति व्यवस्था, देखभाल क्षेत्र व भ्रमण के दौरान थाना ऊँज अंतर्गत नवधन पावर हाउस के पास 12 वर्ष का बालक इधर-उधर भटकते हुए मिला, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ था अपना नाम,पता बताने में असमर्थ था। अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा गुम वृद्ध व्यक्तियों/ बच्चों के संबंध में संवेदनशीलता पूर्वक त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के क्रम में 12 वर्ष का बालक अपने घर से भटकते हुए थाना ऊँज क्षेत्र अंतर्गत नवधन में आ गया था, प्रभारी निरीक्षक थाना ऊँज रमाकांत यादव द्वारा भटकते हुए बालक के बारे में स्थानीय लोगों,संभ्रांत व्यक्तियों व ग्राम प्रधान की सहयोग से पहचान की गई तो



पहचान राजेंद्र निवासी तुलसीपुर बैरीबीसा थाना गोपीगंज के पुत्र के रूप में जानकारी हुआ। प्रभारी निरीक्षक ऊंज द्वारा उक्त बालक के परिजनों को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा भदोही पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

# संयुक्त टीम ने हटवाया तालाब की भूमि से अतिक्रमण

**औराई भदोही। तहसील** औराई की ओर से गठित संयुक्त टीम ने शनिवार को घुरीपुर स्थित तालाब पर हुए अतिक्रमण को हटवा दिया। तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट दाखिल जनहित याचिका में जवाब लगाने के उददेश्य से उक्त कार्यवाही सुनिश्चित की गई। तालाब आराजी संख्या 63 व 64 को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था और शिकायकताओं ने इसी मामले में हाईकोर्ट कोर्ट की शरण लेने में देर नहीं किया। पूर्व में नोटिस भेजकर अतिक्रमण



हटवाने की चेतावनी दी गई थी लेकिन अतिक्रमण करने वालों पर कोई असर नहीं रहा। नायब तहसीलदार अखिलेश यादव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक बैकुंथनाथ मिश्रा, मनोज मिश्रा, अरूण राय, राजीव गुप्ता, लेखपाल राजेंद्र प्रसाद तिवारी, सोनूलाल गौतम, रामवृक्ष भारतीय, कामेश्वरनाथ मिश्र, राजेश कुमार वर्मा, पवन पटेल, अखिलेश कुमार, मुरली पांडेय, बिन्दु कुमारी के साथ पुलिस बल ने अतिक्रमण को हटवाकर पुनरावृत्ति न करने की हिदायत दी।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता की जिम्मेदारी पोप पर डाली

**- टी एन अशोक**

**बहुप्रतीक्षित** ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि वह 'पुतिन से शांति वार्ता को गंभीरता से लेने का आग्रह कर रही है।' बयान में कहा गया है कि उन नेताओं ने 'रूस द्वारा युद्धविराम और शांति वार्ता में गंभीरता से शामिल न होने पर प्रतिबंधों के इस्तेमाल पर भी चर्चा की'-



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन और रूस के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपने शांति प्रयासों को लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि सोमवार को तथाकथित दोस्त रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी दो घंटे की बातचीत नो एंट्री जोन में समाप्त हो गयी। वेटिकन अब रूसी और यूक्रेनी नेताओं के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करने के लिए दृश्य में प्रवेश कर गया है। कोई नहीं जानता कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने शिकागो में जन्मे पोप लियो-१४ से मदद मांगी या नहीं, ताकि वे उन्हें बचा सकें और वार्ता की मेजबानी कर सकें, ताकि दोनों नेता उनकी बात सुन सकें। लेकिन वीपी जेडी वांस ने वास्तव में शिकागो के नये पोप लियो-१४ से मुलाकात की और यूक्रेन सहित वैश्विक स्थिति के बारे में बताया।ट्रम्प ने यूक्रेन में युद्ध के 'रक्तपात' को रोकने के प्रयास में सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और अन्य नेताओं से अलग-अलग कॉल में बात की। लेकिन राष्ट्रपति की शांति पहल अनिर्णायक रही, जिससे वे निराश हो गये। ट्रम्प ने अपने सोशल नेटवर्क ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि-रूस और यूक्रेन अब 'तुरंत' युद्ध विराम पर सीधी बातचीत करेंगे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि ये वार्ता किस रूप में होगी या कब होगी। ट्रम्प ने कहा कि वेटिकन ने वार्ता की मेजबानी करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा, 'इसके लिए शर्तें दोनों पक्षों के बीच बातचीत से तय होंगी, क्योंकि ऐसा केवल इसलिए हो सकता है, क्योंकि वे वार्ता के विवरण जानते हैं, जिसके बारे में किसी और को पता नहीं होगा।' पुतिन के साथ ट्रम्प की कॉल दो घंटे से अधिक समय तक चली और 'बहुत जानकारीपूर्ण और बहुत खुली थी,' पुतिन ने रूसी राज्य मीडिया को बताया। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत के बारे में बहुत कम कहा, जिनसे उन्होंने सबसे पहले बात की, सिवा इसके कि उन्होंने जेलेंस्की और अन्य नाटो देशों के नेताओं को वार्ता के बारे में सूचित कर दिया था। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कोई और जानकारी देने से इनकार कर दिया। जेलेंस्की के अनुसार, ट्रंप ने सोमवार को जेलेंस्की से दो बार बात की, एक बार आमने-सामने, पुतिन के साथ ट्रंप की कॉल से पहले, और फिर यूक्रेनी और नाटो नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान। जेलेंस्की ने ट्वीट किया, 'मैंने राष्ट्रपति ट्रंप से फिर से कहा कि-यूक्रेन पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम के लिए तैयार है।' उन्होंने लिखा, 'अगर रूसी हत्याओं को रोकने के लिए तैयार नहीं हैं, तो उन पर कड़े प्रतिबंध लगाये जाने चाहिए।' 'रूस पर दबाव उसे वास्तविक शांति की ओर ले जाएगा - यह दुनिया भर में सभी के लिए स्पष्ट है,' रोम में एनबीसी न्यूज के साथ सोमवार को एक साक्षात्कार में, जहां पोप लियो-१४ ने उनका स्वागत किया, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा, यह जोड़ते हुए कि 'हमने पोप के साथ राष्ट्रपति की प्रमुख शांति पहलों के बारे में बात की। हमने इस बारे में बहुत बात की कि इजराइल और गाजा में क्या चल रहा है। हमने रूस-यूक्रेन की स्थिति के बारे में बहुत बात की। भविष्य की भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन मुझे लगता है कि, न केवल पोप, बल्कि पूरे वेटिकन ने, आप जानते हैं, वास्तव में मददगार होने की इच्छा व्यक्त की है, और उम्मीद है कि एक शांति समझौते को सुविधाजनक बनाने के लिए मिलकर काम करना है। भविष्य की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, लेकिन यह बहुत सार्थक था, और मुझे उम्मीद है कि देश के लिए इसका फल मिलेगा।' इस बीच, पुतिन के प्रवक्ता दिमित्रीपेसकोव ने कॉल से पहले कहा कि रूस 'अमेरिका को बहुत महत्व देता है' और 'अमेरिकी पक्ष का आभारी है।

' पत्रकारों के साथ एक ब्रीफिंग में, उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका 'शांतिपूर्ण तरीकों से हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है, तो यह वास्तव में बेहतर है।' पेसकोव से ट्रंप और पुतिन की व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की संभावना के बारे में भी पूछा गया, जिसकी संभावना अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को जताई थी। पेसकोव ने कहा, 'यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि वे खुद क्या फैसला करते हैं।' उन्होंने कहा कि तारीखों और अन्य विवरणों के संदर्भ में दोनों नेताओं द्वारा बैठक पर 'काम करने की जरूरत है'।

बहुप्रतीक्षित ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की।

# शुद्ध पानी, स्वास्थ्य सेवाएं व सड़क विकास- विशेष सचिव का त्रिसूत्रीय विकास औचक अभियान

● पेयजल को जानवरों को धोने में न बर्बाद करें ● दवाओं की उपलब्धता व सफाई पर ध्यान के निर्देश ● सड़क निर्माण पर धीमी प्रगति पर असंतोष



कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते विशेष सचिव




ग्राम वरहट व सिंहपुर पर हर घर नल योजना का स्थलीय निरीक्षण करते विशेष सचिव




संयुक्त जिला चिकित्सालय व आयुष्मान आरोग्य मंदिर वरहट के निरीक्षण पर विशेष सचिव



सडक चौड़ीकरण पर जांच करते विशेष सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में बुनियादी विकास की नब्ज को टटोलने और जनहित योजनाओं की हकीकत परखने आज उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव एवं जनपद नोडल अधिकारी धीरेन्द्र सिंह सचान का एक्शन मोड देखने को मिला। न केवल जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया गया, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत भी परखी गई और साथ ही कर्वी-देवांगन मार्ग चौड़ीकरण कार्य पर भी सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही विशेष सचिव ने नगर पालिका परिषद कर्वी द्वारा संचालित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार को निर्देश दिए कि समय-समय पर सभी गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करें। इस व्यापक निरीक्षण अभियान में परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम एके भारती, यांत्रिक अभियंता सुमित कुमार, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार, नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षक कमला कांत शुक्ला तथा स्वास्थ्य व जल निगम के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### हर घर जल योजना की हकीकत

विशेष सचिव ने सिलौटा मुस्तकिल पेयजल समूह योजना के अंतर्गत ग्राम वरहट व सिंहपुर का दौरा कर हर घर नल योजना का जमीन पर सत्यापन किया। उन्होंने मिथलेश, राजाराम, राधेश्याम, शिवनरेश (वरहट) और युसुब, ननबुद, बंशीलाल (सिंहपुर) जैसे ग्रामीणों के घरों में जाकर नल से पानी निकलवाकर देखा और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर संतोष जताया। ग्रामीणों से अपील की कि यह पानी पीने के लिए है, जानवरों को धोने में या बेकार बहाने में नहीं। साथ ही ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि पानी की बर्बादी को रोकें।

### स्वास्थ्य सेवाओं की क्लीनिकल जांच

संयुक्त जिला चिकित्सालय व आयुष्मान आरोग्य मंदिर वरहट का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानी। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी व्यवस्था, वार्डों की सफाई, चादरों की स्थिति, भोजन व्यवस्था, ब्लड बैंक, पैथोलॉजी लैब, पंजीकरण काउंटर, हेल्प डेस्क और एसएनसीयू वार्ड सहित हर विभाग का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था निरंतर अच्छी बनी रहे, खराब चादरों को नियमित बदला जाए और मरीजों को समय से जननी सुरक्षा योजना सहित सभी लाभ मिलें। ब्लड बैंक में अधिक से अधिक रक्तदान सुनिश्चित कराने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ गीता देवी से 14 प्रकार की जांचों, टेली कंसल्टेशन, ओपीडी और रोगी कल्याण समिति की गतिविधियों की जानकारी ली। स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दवाएं उपलब्ध रहें व समय से सेवाएं दी जाएं।

### कर्वी-देवांगना चौड़ीकरण पर फटकार

विशेष सचिव ने कर्वी से देवांगना मार्ग के 7.64 किमी चौड़ीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि भूमि अधिग्रहण की देरी से कार्य धीमा हुआ है, हालांकि 60 प्रतिशत कार्य हो चुका है। इस पर नोडल अधिकारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी और साफ कहा शासन की मंशा के अनुसार कार्य की रफ्तार बढ़ाओ, मैनपावर लगाओ और गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

## अब भाजपा को जनता साफ करेगी : अखिलेश का तंज

● कैमरे के सामने की सफाई पर उठे सवाल

● दो दिवसीय सफाई अभियान

**अखंड भारत संदेश**



फोटो खींचने में व्यस्त समाजसेवी

**चित्रकूट।** भाजपा की सफाई भी जुमलाई। अब भाजपा को जनता साफ करेगी- यह तीखा तंज पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उस समय कसा जब प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंदाकिनी नदी के घाटों पर कचडा लेकर फोटो खिंचवाते नजर आए। सफाई के इस कैमरा-केन्द्रित अभियान पर आमजन और विपक्ष दोनों ही सवाल खड़े कर रहे हैं।

जनता की तरफ से भी स्वर उठे- क्या केवल कैमरों के सामने की सफाई ही स्वच्छता है? घाटों पर कचडा लिए मंत्रीगण, प्रशासनिक अमला और भाजपा कार्यकर्ता जब रामघाट, राघवघाट और प्रयागघाट पर सक्रिय दिखे, तब एक बार फिर यह चर्चा छिड़ गई कि क्या यह अभियान केवल मीडिया कवरेज के लिए था या वास्तव में मंदाकिनी की शुद्धि के लिए कोई ठोस योजना है? लेकिन नदी के किनारे गंदगी के स्थायी स्त्रोतों को बंद करने, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, या स्थायी पुनर्जीवन योजना पर कोई ठोस बात नहीं की गई। स्वच्छता के इस आडंबर के बीच यह भी देखा गया कि घाट किनारे खुले होटलों और दुकानों से हो रहा प्रदूषण जस का तस बना हुआ है। सालों से मंदाकिनी पर करोड़ों रुपये की योजनाएं कागजों में ही दम तोड़ती नजर आ रही हैं, जबकि मां मंदाकिनी की निर्मलता केवल भाषणों और आयोजनों तक ही सिमटकर रह गई है। इस पूरे अभियान में दीनदयाल शोध संस्थान और भाजपा के तमाम नेता सक्रिय रूप से भागीदार रहे, किंतु आलोचकों की नजर में यह स्वच्छता कम और सियासी अभिनय अधिक था।

## आप के सफाई अभियान के बहाने खुला पानी का घोटाला

● अभियान में उभरी जनता की पीड़ा

● हर महीने का प्रशासनिक आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**



सफाई अभियान में लगे आप सदस्य

**चित्रकूट।** रविवार को आम आदमी पार्टी ने सिर्फ अस्पताल परिसर की सफाई नहीं की, बल्कि सरकारी लापरवाही की धूल भी झाड़ दी। चित्रकूट के पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जब आप पदाधिकारियों ने झाड़ू उठाया, तो इलाके की जनता ने अपनी सबसे बड़ी समस्या- पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसते हालात- बेहिचक उनके सामने रख दिए।

जहां एक ओर जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला की अगुवाई में झाड़ू चल रही थी, वहीं दूसरी ओर ब्लॉक पहाड़ी के निवासियों ने पीने के पानी की त्रासदी बयान की। चौंकाने वाली बात यह रही कि अस्पताल परिसर के पीछे बनी नई पानी की टंकी महीनों से खामोश खड़ी है। नल सूखे हैं, टंकी भरी है, मगर जनता प्यासी हैं। प्रशासन महीने दर महीने जल्द चालू होने का आश्वासन देता रहा, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात। पार्टी ने मांग की है कि यह समस्या अब और नहीं झेली जा सकती। यदि प्रशासन तुरंत कार्रवाई नहीं करता, तो जनता के साथ मिलकर संघर्ष तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में बुंदेलखंड प्रांत महासचिव अंकित सिंह, प्रदेश सचिव (शिक्षक प्रकोष्ठ) प्रेम चंद सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष लवदीप सिंह पटेल, जिला महासचिव जितेन्द्र गोयल, महिला विंग की पदाधिकारी सन्नो मौर्या, सोनम श्रीवास, वार्ड अध्यक्ष जुबैदा बेगम, व बच्चा बौद्ध सहित अन्य मौजूद रहे।

## मोदी मॉडल का चित्रकूट संस्करण, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में चला महाअभियान

● मां मंदाकिनी के घाटों पर गूंजा स्वच्छता का मंत्र ● काशी की राह पर चित्रकूट

### अब हर घाट बनेगा तीर्थ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मां मंदाकिनी की निर्मल धारा को फिर से अविरल व पवित्र बनाने की पहल अब केवल सरकारी कामकाज नहीं, बल्कि जनआंदोलन बन चुकी है। शनिवार को पंडित दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित मां मंदाकिनी गंगा स्वच्छता अभियान के तहत रामघाट, राघव घाट और प्रयाग घाट पर एक ऐतिहासिक सफाई महाअभियान चला। इस पावन यज्ञ की अगुवाई खुद उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने की।

घाटों पर झाडू लेकर उतरे मंत्री ने स्वच्छता के इस संग्राम को संकल्प का रूप देते हुए कहा कि यह केवल घाटों की सफाई नहीं, यह हमारी आस्था की रक्षा है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में काशी के 80 घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाया था, तब किसी को विश्वास नहीं था कि वहां फिर आचमन हो सकेगा, लेकिन आज काशी के घाटों की तरह मंदाकिनी भी स्वच्छ और निर्मल बने, यही हमारा लक्ष्य है। मंत्री ने कहा कि सरकार, प्रशासन, संत समाज और सामाजिक संगठनों की यह एकजुटता ही चित्रकूट की आत्मा को संवार रही है। यह सिर्फ स्वच्छता नहीं, यह संस्कृति है, संकल्प है और सेवा है।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री जल शक्ति रामकेश निषाद, बांदा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, पद्मश्री सम्मानित उमाशंकर पांडेय, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह पटेल, आलोक पांडेय, समेत अनेक जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा और सामाजिक संगठन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन के नेतृत्व में हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के अधिकारीगण और संत समाज ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी पूजा साहू, एसडीएम मझगवां (मप्र), एसडीओपी चित्रकूट (मप्र), अधिशासी अभियंता सिंचाई एसके प्रसाद, संतोष कुमार मिश्रा, गुरु प्रसाद सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी भी इस मिशन में शामिल हुए।



सफाई अभियान में मंत्री जी



मंदाकिनी सफाई में उमड़ा जनसमुदाय



मंदाकिनी के कचड़े के साथ डीआरआई संगठन सचिव व मंत्री जी



मन की बात सुनते डीआरआई के संगठन सचिव व मंत्रीगण

### हादसे की झलक-राज्य मंत्री गिरकर हुए घायल

स्वच्छता अभियान में जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद घाट पर असंतुलन के कारण फिसलकर गिर पड़े, जिससे उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। हादसे के तुरंत बाद मेडिकल टीम ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार दिया और मंत्री को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बावजूद मंत्री ने अभियान के प्रति अपना संकल्प जताया।

### मन की बात संग विचारों की बात

चित्रकूट मंडल के बूथ संख्या 81 सतना के दीनदयाल शोध संस्थान के उद्यमिता विद्यापीठ में पीएम मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार तथा सतना नगर निगम महापौरयोगेश ताम्रकार सहित अन्य मौजूद रहे।

## आगामी अमावस्या मेला : चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का कवच

### 5 जोन व 15 सेक्टर में बंटा चित्रकूट

फोटो-

यह फोटो 25 सीकेटी 12 में है।

चित्रकूट। ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब संभालने को तैयार है चित्रकूट। पवित्र मंदाकिनी तट पर मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन और पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। सुरक्षा से लेकर यातायात तक, हर व्यवस्था को चौकस और अनुशासित बनाया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा ने मेले में ड्यूटी करने वाले पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए सतर्कता और संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। 05 जोन और 15 सेक्टर में बंटी इस व्यवस्था में सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। शांति, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील की है। अमावस्या मेले में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सभी से अनुरोध है कि यातायात नियमों का पालन करें और अनुशासित आचरण के माध्यम से श्रद्धा के इस पर्व को सुगम और सुरक्षित बनाएं।

**सुरक्षा बलः आँकड़ों में व्यवस्था**

● 07 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 10 थाना प्रभारी निरीक्षक, 22 निरीक्षक, 106 उपनिरीक्षक,

● 307 कांस्टेबलध्हेड कांस्टेबल, 46 महिला कांस्टेबल

● यातायात और एलआईयू बल सहित कुल 500. अधिकारी-कर्मचारी,

● 06 फायर टैंकर भी तैनात

**ट्रैफिक अलर्ट- नो एंट्री व वैकल्पिक रूट**



आगामी अमावस्या मेले की बैठक में मौजूद अधिकारीगण

मेले के चलते 26 मई सुबह 5:30 बजे से 27 मई रात 12 बजे तक कर्वी नगर में भारी व मध्यम मालवाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आपातकालीन सेवाओं को छूट दी गई है। इसके अलावा 28 मई से आगामी 30 दिनों तक विभिन्न मार्गों पर नो एंट्री और समयबद्ध संचालन की व्यवस्था की गई है।

**लोढ़वारा मोड़ :** सुबह 5:30 से रात 9:30 तक नो एंट्री।

**प्रयागराज रोड व मानिकपुर रोड :** सुबह 5:30 से रात 10 बजे तक प्रतिबंध।

**बेड़ी पुलिया, शेषनपुरवा मोड़ :** रात 10:30-11 बजे तक प्रतिबंध।

**क्रेशर यूनियन की मांग पर दोपहर में आंशिक छूट**

**लोढ़वारा :** 12:00 - 3:30 बजे

**प्रयागराज-मानिकपुर रोड :** 12:30 - 3:30 बजे।

**सतना रोड :** 1:00 - 3:30 बजे

**बांदा रोड :** 2:00 - 3:30 बजे

**वैकल्पिक मार्ग**

**प्रयागराज - बांदा :** बोड़ी पोखरी - राजापुर - बांदा

**प्रयागराज - सतना :** बोड़ी पोखरी - खोह - सरैया - मारकुंडी - सतना

**बांदा - प्रयागराज :** जीरो प्वाइंट - बबेरू - कमासिन - राजापुर

**सतना - कौशांबी :** बड़ी पाटिन - इटवा डुडेला - खोह - बोड़ी पोखरी।

## अवैध असलहा लेकर घूम रहे आरोपी को परिक्रमा मार्ग से दबोचा




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**चित्रकूट।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सत्यपाल सिंह के निर्देश में अपराधियों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में दारोगा रमेश सिंह चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही व उनकी टीम ने बड़ी सफलता हासिल की। टीम ने मंदाकिनी टॉकीज के पीछे द्वारिकापुरी निवासी सूरज बेडिया पुत्र प्रकाश बेडिया को एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट की धारा 03/25 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस कार्रवाई में दारोगा रमेश सिंह के साथ सिपाही आशीष कुमार एवं अभिषेक प्रताप सिंह शामिल रहे।

# बैजयंत पांडा के नेतृत्व में बहरीन पहुंचा प्रतिनिधिमंडल, प्रवासी भारतीयों से की मुलाकात

**मनामा। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बहरीन पहुंचा। इस दौरान भारतीय प्रवासियों से बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से अवगत कराया।

इस दौरान बहरीन में इंडिया हाउस में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में भारत के संबंधों को मजबूत करना तथा सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ देश के दृढ़ रुख को उजागर करना है। यह बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब और अल्जीरिया की बहु-देशीय यात्रा की शुरूआत है। बहरीन में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा, "जय पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने बहरीन में प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों में उनके योगदान की प्रशंसा की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। बयान में कहा गया,



"सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकीकृत और अटल रुख से अवगत कराया।

उल्लेखनीय है कि समूह-1 प्रतिनिधिमंडल में बैजयंत पांडा, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, भाजपा सांसद फांगनोन कोन्याक, भाजपा सांसद रेखा शर्मा, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, सांसद सतनाम सिंह संधू, मनोनीत सांसद गुलाम नबी आजाद और राजदूत हर्ष श्रृंगला शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया का दौरा करेगा।

ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए भाजपा सांसद पांडा ने कहा, "हमारे प्रवासी भारतीयों ने विश्व स्तर पर सफलता हासिल की है और इससे हम सभी को बहुत गर्व है। आज, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अपने सम्मानित सहयोगियों के साथ, हमने बहरीन में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकजुट और अडिग रुख से अवगत कराया।

उन्होंने एक अन्य एक्स पोस्ट में कहा, "इंडिया हाउस, बहरीन। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के अपने सम्मानित सहयोगियों के साथ बहरीन में इंडिया हाउस में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद हमने राजदूत विनोद के. जैकब के साथ दिलचस्प बातचीत की। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद पर प्रधानमंत्री के विचार और भविष्य की रणनीति पर बहरीन में भारतीय और बहरीनी सांसदों, लेखकों, उद्योगपतियों और सामाजिक संगठनों के साथ बैठक हुई।"वहीं, भाजपा सांसद रेखा शर्मा ने कहा, "इंडिया हाउस, बहरीन साम्राज्य। प्रतिष्ठित सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में, मुझे बहरीन में इंडिया हाउस का दौरा करने का सौभाग्य मिला।

# अहिंसा हमारी पसंद है, मजबूरी नहीं : संजय झा

**टोक्यो। 'ऑपरेशन** सिंदूर' की सफलता बताने और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का पदार्फाश करने के लिए जदयू के राज्यसभा सांसद संजय झा के नेतृत्व में गए सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का जापान दौरा समाप्त हो गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अहिंसा हमारी पसंद है, मजबूरी नहीं। भारत आतंकवाद का जवाब दृढ़ संकल्प के साथ देगा।

संजय झा ने कहा, "सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने 22 मई को टोक्यो के एडोगावा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करके जापान यात्रा की शुरूआत की थी। महात्मा गांधी का शांति और सत्य का संदेश दुनिया का मार्गदर्शन करता है। इस यात्रा का समापन हम रास बिहारी बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें टोक्यो के तामा के कब्रिस्तान में श्रद्धांजलि देकर कर रहे हैं। भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी रास बिहारी बोस ने जापान को अपनी कर्मभूमि बनाया था।"

उन्होंने कहा कि भारत महात्मा गांधी के दिखाए शांति के मार्ग का अनुसरण करता है, लेकिन जब शांति खतरे में पड़ती है तो हम रास बिहारी बोस की निडर भावना को भी आगे बढ़ाते हैं। शांति हमारी पसंद है, मजबूरी नहीं। झा ने कहा, "अपनी तीन दिवसीय जापान यात्रा के दौरान हमने जापान के राजनीतिक नेतृत्व, नीति निमार्ताओं, मीडिया और भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। हमें विदेश मंत्री ताकेशी इवाया, पूर्व प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के



अध्यक्ष ताकाशी एंडो और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से मिलने का मौका मिला। इसके अलावा, टोक्यो स्थित शीर्ष थिंक टैंक, कई देशों के राजदूतों, राजनयिकों और जीवंत भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ हमने बातचीत की। हर मंच पर, हमने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता की नीति को दृढ़ता से दोहराया और पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को लगातार संरक्षण दिए जाने को उजागर किया।" उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने जापान-भारत संसदीय मैत्री लीग के सदस्यों, नेशनल डाएट (जापान की संसद) के सदस्यों, यासुहिरो हनाशी (कार्यवाहक अध्यक्ष, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की आतंकवाद-रोधी समिति), मिनोरू किहारा (पूर्व रक्षा मंत्री) और शिनाको त्सुचिया (महानिदेशक, अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो, एलडीपी) के साथ भी सार्थक वार्ता की।

# अमेरिकाः न्यूयॉर्क में एक नौका में धमाके के कारण एक व्यक्ति की मौत



**अमेरिकाः**
**अमेरिका** के न्यूयॉर्क में हडसन नदी पर खड़ी एक नौका में विस्फोट हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। शहर के अग्निशमन विभाग के उप सहायक प्रमुख डेविड सिम्स ने बताया कि यह घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे ह्यनॉर्थ रिवर वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्लांटह्न के पास ह्यहंट्स पॉइंटह्न नौका में हुई। नौका के जरिए मलजल ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि एक घायल कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और नौका में सवार एक अन्य कर्मचारी ने उपचार कराने से इनकार कर दिया है।

विस्फोट के कारण की जांच की जा रही है, लेकिन न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि इस बात का संदेह कम है कि यह कोई आपराधिक घटना थी।

अमेरिकी तटरक्षक ने सोशल मीडिया पर बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब नाव पर सवार लोग आग या चिंगारी से जुड़ा काम कर रहे थे।

न्यूयॉर्क पुलिस ने बताया कि मौके पर पहुंचे बचाव दल ने नदी में 59 वर्षीय एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पाया और बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक शहर के पर्यावरण संरक्षण विभाग का कर्मचारी था लेकिन उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।

# अमेरिका ने यमन में संदिग्ध अलकायदा ठिकाने पर ड्रोन से किया हमला

**एडेन। यमन** के एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि शनिवार को दक्षिणी प्रांत अबयान में अलकायदा के एक संदिग्ध ठिकाने को निशाना बनाकर अमेरिका ने रात में ड्रोन हमला किया। इस हमले में कम से कम छह लोग मारे गए हैं।

यमन के सैन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि शुक्रवार देर रात पूर्वी अबयान के पहाड़ी माराकिशा इलाके में हमले किए गए। माना जा रहा है कि मारे गए सभी लोग अल-कायदा इन द अरेबियन पेनिन्जुला के सदस्य थे। यह अलकायदा नेटवर्क की यमन स्थित शाखा है।

अधिकारी के अनुसार, अलकायदा के खिलाफ यह अभियान यमन के सरकारी बलों के साथ चलाया गया। जिस स्थान पर हमला किया गया, वह कथित तौर पर सरकारी बलों के खिलाफ हमलों और प्रांत में हाल ही में बमबारी अभियानों के लिए लॉन्च पॉइंट के रूप में काम करता था।

हमले को लेकर विरोधाभासी खबरें भी आई हैं। एक स्थानीय आदिवासी नेता ने रात में हुए दो ड्रोन हमलों की पुष्टि की, जिसमें आदिवासी तत्वों को ही निशाना बनाया गया। घटना को लेकर अलकायदा इन अरबियन पेनिन्जुला (एक्यूएपी) की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है।

साल 2022 के अंत से अबयान यमन के आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एक प्रमुख युद्धक्षेत्र रहा है। सरकार समर्थक



साउदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के बलों ने सरकारी सैनिकों द्वारा समर्थित, दूरदराज के क्षेत्रों में जमे हुए अलकायदा इन अरेबियन पेनिन्जुला लड़ाकों को जड़ से उखाड़ने की कोशिश की है।

सरकारी अधिकारियों का कहना है कि एक्यूएपी अक्सर तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों के साथ सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाता है।

यमन लंबे समय से गृह युद्ध झेल रहा है। यह 2014 में तब शुरू हुआ था जब हूती समूह ने राजधानी 'सना' पर कब्जा कर लिया। अलकायदा समूह ने चरमपंथी समूहों को सत्ता शून्यता का फायदा उठाने का मौका दिया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, इस संघर्ष में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोग अकाल का सामना करने के लिए मजबूर हुए हैं।

# नेपाल में केबल कार स्टेशन में गिरने से भारतीय पर्यटक की मौत

**नेपाल**
**केबल** कार स्टेशन के उप महाप्रबंधक उज्ज्वल सेरचन के अनुसार, मन्नू प्रसाद भट्ट नामक व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भट्ट अपनी पत्नी और दामाद के साथ गोरखा जिले में मनकामना देवी मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी यह घटना हुई।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि भट्ट की मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई, जो संभवतः उत्तर-



पश्चिम नेपाल के अत्यधिक ऊंचाई वाले मस्तंग क्षेत्र से उनकी हालिया यात्रा से संबंधित है।

सेरचन ने बताया कि वह मुस्तांग जिले में स्थित हिंदू और बौद्ध तीर्थ स्थल मुक्तिनाथ में पूजा-अर्चना करने के बाद केबल कार स्टेशन पहुंचे थे।

# क्या है 'टैलेंट पॉलिटिक्स', जिसमें कूद पड़े हैं बड़े देश



**अमेरिका**
**अमेरिका** में रिसर्च फंडिंग कटौती के बीच वैज्ञानिकों का भविष्य अनिश्चित हो गया है. इसी मौके को भुनाने कनाडा, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया टैलेंट को लुभा रहे हैं. सिर्फ पैसों से नहीं, रिसर्च की आजादी से भी.

अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ा मोड़ देखने को मिला. ट्रंप सरकार ने वैज्ञानिक रिसर्च को मिलने वाले फेडरल फंड्स में अरबों डॉलर की कटौती कर दी. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच), अंतरिक्ष एजेंसी नासा, नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) और कई अन्य प्रमुख एजेंसियों के बजट में बड़ी कटौती की गई. केवल एनआईएच के बजट में 40 फीसदी और एनएसएफ के बजट में 55 प्रतिशत तक की कटौती प्रस्तावित है.

व्हाइट हाउस का तर्क है कि पिछली सरकार के प्रोजेक्ट्स में बहुत 'बबार्दी' हो रही थी और अब अमेरिका की प्राथमिकताओं के मुताबिक फंडिंग को "रीअलाइन" किया जा रहा है. इस नीति के कारण कई विश्वविद्यालयों ने नई भर्तियां बंद कर दी हैं, स्टाफ की छंटनी हुई है और कुछ संस्थानों ने रिसर्च स्कॉलर के दाखिले तक रोक दिए हैं.

इस सबका असर अमेरिका के रिसर्च इकोसिस्टम पर साफ दिख रहा है. दशकों तक अमेरिका विज्ञान और तकनीक का वैश्विक अगुआ रहा है. इंटरनेट, मोबाइल फोन, कैंसर और दिल की बीमारियों के इलाज जैसी कई क्रांतिकारी खोजें अमेरिका की यूनिवर्सिटियों और रिसर्च एजेंसियों की देन रही हैं. लेकिन अब पहली बार वैज्ञानिक समुदाय के बीच एक असुरक्षा की भावना फैल रही है, खासकर युवा शोधकर्ताओं और पोस्टडॉक्टरल शोधार्थियों के बीच, जिनका करियर फंडिंग पर टिका होता है.

'टैलेंट पॉलिटिक्स' का नया दौर

जहां अमेरिका में वैज्ञानिकों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कई विदेशी संस्थान इसे एक मौके के तौर पर देख रहे हैं. कनाडा ने ह्यकनाडा लीड्स' नाम से एक भर्ती अभियान शुरू किया है, जिसका मकसद अमेरिका से युवा बायोमेडिकल वैज्ञानिकों को बुलाना है.

इसी तरह फ्रांस की एक्स-मार्से यूनिवर्सिटी ने ह्यसेफ प्लेस फॉर साइंस' कार्यक्रम चलाया है, जो खुलकर उन वैज्ञानिकों को आमंत्रित कर रहा है जो अमेरिका में "दबाव" महसूस कर रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया ने भी ह्यग्लोबल टैलेंट अट्रैक्शन प्रोग्राम' की घोषणा की है, जिसमें आकर्षक वेतन और स्थानांतरण पैकेज दिए जा रहे हैं.

इन पहलों में सिर्फ पैसे का लालच नहीं है, बल्कि एक और चीज जो सामने आई है, वह है "अकादमिक स्वतंत्रता". जैसे, ट्रंप ने हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी की आजादी में कटौती की कोशिश की. यूरोपीय यूनियन की प्रमुख उसुर्ला वॉन डेर लायन ने हाल ही में कहा कि यूरोप अब वैज्ञानिक शोध की स्वतंत्रता को कानून में दर्ज करेगा. इसी भावना को लेकर फ्रांस, जर्मनी और अन्य देश अमेरिकी वैज्ञानिकों को यह भरोसा दिला रहे हैं कि उनके शोध पर कोई राजनीतिक या वैचारिक सेंसरशिप नहीं होगी.

दिलचस्प बात यह है कि इन योजनाओं में अमेरिकी वैज्ञानिकों की दिलचस्पी भी बढ़ी है. एक्स मार्से यूनिवर्सिटी के अनुसार, उनके प्रोग्राम को अब तक आए 300 आवेदनों में से 139 अकेले अमेरिका से हैं. जर्मनी की माक्स प्लांक सोसाइटी के लीजे माइटनर प्रोग्राम को इस साल अमेरिका से तीन गुना ज्यादा आवेदन मिले हैं. फ्रांस के इंस्टिट्यूट ऑफ जेनेटिक्स, मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर बायोलॉजी में भी अमेरिकी वैज्ञानिकों के आवेदन पिछले साल की तुलना में दोगुने हो गए हैं।

# ट्रम्प के हार्वर्ड में नामांकन रद्द करने के नि□य के बाद छात्र दहशत में

**वाशिंगटन। अमेरिका** में डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के विदेशी नामांकन को रद्द करने के बाद हार्वर्ड के अंतर्राष्ट्रीय छात्र पूरी तरह से दहशत का अनुभव कर रहे हैं।

सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर के छात्र इस बात से चिंतित हैं कि अगर वे देश से बाहर निकलते हैं तो उनके वीजा रद्द कर दिए जाएँगे, शोध निलंबित कर दिए जाएँगे और उन्हें अमेरिका में फिर से प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा।हार्वर्ड के प्रमुखों द्वारा संघीय अदालत में मुकदमा दायर करने के बाद एक संघीय न्यायाधीश ने



शुक्रवार को ट्रम्प प्रशासन के प्रतिबंध को अस्थायी रूप से रोक दिया।

हार्वर्ड ने तर्क दिया है कि छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम में इसके प्रमाणन को रद्द करना सरकार की वैचारिक रूप से निहित नीतिगत मांगों को अस्वीकार करने के लिए "स्पष्ट प्रतिशोध" था।

पाकिस्तानी मूल के निवासी हार्वर्ड छात्र निकाय के सह-अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद सियाल ने सीएनएन को बताया कि हजारों अंतरराष्ट्रीय छात्र बेहद डरे हुए हैं क्योंकि वे अपनी वर्तमान कानूनी स्थिति नहीं जानते हैं। ऑस्ट्रिया के कार्ल मोल्डेन ने कहा, "वे किशोर हैं, अपने गृहनगरों से हजारों मील दूर हैं, हममें से कई लोगों ने हार्वर्ड जैसे विश्वविद्यालय में प्रवेश पाने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया है, और अब हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि क्या हमें कहीं और स्थानांतरित होना पड़ सकता है और वीजा के साथ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।"मोल्डेन ने कहा कि उन्हें लगता है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को "लोकतंत्र और अधिनायकवाद के बीच इस बड़ी लड़ाई में गेंद" के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रम्प के हार्वर्ड में नामांकन रद्द करने के निर्णय के बाद छात्र दहशत में

वाशिंगटन 25 मई (वार्ता) अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के विदेशी नामांकन को रद्द करने के बाद हार्वर्ड के अंतर्राष्ट्रीय छात्र पूरी तरह से दहशत का अनुभव कर रहे हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है

कि दुनिया भर के छात्र इस बात से चिंतित हैं कि अगर वे देश से बाहर निकलते हैं तो उनके वीजा रद्द कर दिए जाएँगे, शोध निलंबित कर दिए जाएँगे और उन्हें अमेरिका में फिर से प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा।हार्वर्ड के प्रमुखों द्वारा संघीय अदालत में मुकदमा दायर करने के बाद एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को ट्रम्प प्रशासन के प्रतिबंध को अस्थायी रूप से रोक दिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# वॉलंटियर सिस्टम नाकाम रहा तो जर्मनी में लौट सकती है अनिवार्य सैन्य सेवा

**जर्मनी**
**जर्मनी** ने नया सैन्य सेवा मॉडल प्रस्तावित किया है, जो 2026 से लागू होगा. अगर पर्याप्त वॉलंटियर्स नहीं मिले तो अनिवार्य सैन्य सेवा की वापसी संभव है.

अगर नया स्वैच्छिक भर्ती मॉडल उम्मीद के मुताबिक लक्ष्य हासिल नहीं कर पाता है तो जर्मनी में एक बार फिर अनिवार्य सैन्य सेवा शुरू की जा सकती है. यह बात शनिवार को देश के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने फ्रांकफुर्टर अल्गेमाइने जोनटाग्सत्साइटुंग अखबार को दिए एक इंटरव्यू में कही.

रक्षा मंत्री ने बताया कि नया सैन्य सेवा मॉडल जनवरी 2026 से लागू करने की योजना है और इसकी तैयारी तेजी से की जा रही है. इसका मकसद बुंडेसवेअर (जर्मन सेना) की संख्या और क्षमताओं को बढ़ाना है, जो कि हाल के वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध और यूरोप की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों के कारण एक गंभीर चुनौती बन चुकी है.

नया वॉलंटियर सिस्टम क्या है?

पिस्टोरियस ने बताया कि यह नया सिस्टम पहले चरण में पूरी तरह से स्वैच्छिक होगा. इसके तहत युवाओं को सेना में सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया जाएगा. इसमें फिजिकल ट्रेनिंग, तकनीकी कौशल और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण देने की योजना है.

इस मॉडल के तहत युवा छह महीने से लेकर एक साल तक की सेवा दे सकते हैं और उन्हें एक मानदेय भी मिलेगा. सरकार को उम्मीद है कि यह स्कीम युवाओं में देशभक्ति की भावना को जगाएगी और सेना को ताजा ऊर्जा और नए कौशल



प्रदान करेगी.

इससे पहले भी जर्मनी में एक ऐसी ही योजना चल रही है. स्वैच्छिक सैन्य सेवा (घरेलू सुरक्षा के लिए) योजना जर्मनी में 6 अप्रैल 2021 को शुरू किया गया था.

इस कार्यक्रम की शुरूआत तत्कालीन रक्षा मंत्री अनेग्रेट क्राम्प-कारेनबाउर ने की थी. इस योजना का उद्देश्य था कि नागरिकों को स्वैच्छिक रूप से सैन्य सेवा में शामिल करके घरेलू सुरक्षा को मजबूत किया जाए, विशेष रूप से प्राकृतिक आपदाओं, महामारी जैसी स्थितियों में सहायता के लिए. इसका मकसद युवाओं को सेना से जोड़ना और साथ ही आपातकालीन स्थितियों जैसे प्राकृतिक आपदाओं या साइबर हमलों में सेना की भूमिका को सशक्त बनाना था.

रक्षा मंत्री पिस्टोरियस ने बताया कि सरकार एक नया सैन्य सेवा कानून तैयार कर रही है, जिसे जनवरी 2026 से लागू करने की योजना है. यह योजना पहले चरण में पूरी तरह स्वैच्छिक होगी, यानी युवा अपनी मर्जी से सेना में शामिल हो सकेंगे. यह प्रस्ताव पिछली सरकार में पेश किया गया था.

उन्होंने कहा, "अगर भविष्य में हमारी प्रशिक्षण क्षमता स्वयंसेवकों की संख्या से अधिक हो जाती है, तो हमें अनिवार्य सेवा पर लौटने का निर्णय लेना पड़ सकता है. यही हमारा रोडमैप है."

यह मॉडल जर्मन सेना की शक्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से लाया जा रहा है. रूस-यूक्रेन युद्ध और यूरोप में सुरक्षा स्थितियों में बदलाव के बाद से जर्मनी पर अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ाने का अंतरराष्ट्रीय दबाव है. नए जर्मन चांसलर फ्रीडिरष मैर्त्स ने कहा है कि वह जर्मनी में यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाएंगे.

क्यों है सैन्य सेवा पर बहस?

जर्मनी ने 2011 में अनिवार्य सैन्य सेवा को स्थगित कर दिया था, लेकिन हालिया वर्षों में सेना में भर्ती का लक्ष्य लगातार पूरा नहीं हो पा रहा है. रूस द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन पर किए गए हमले के बाद से यूरोप की सामरिक स्थिति गंभीर हो गई है।